卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं, य: शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 345 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦21 सितम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# नमो युवा रन में जोश के साथ दौड़े हजारों युवा

## सीएम धामी ने युवाओं में भरा जोश, सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रदेश भर में आयोजित हुई दौड़








देहरादून/रूद्रपुर। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रविवार को प्रदेश भर में जगह जगह नमो युवा रन का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों युवाओं ने उत्साह के साथ भागीदारी की। देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घंटाघर में 'नमो युवा रन' का फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों के साथ दौड़ में सम्मिलित होकर युवाओं का उत्साहवर्धन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'नमो युवा रन' केवल एक खेल आयोजन नहीं है, बल्कि यह युवाओं में ऊर्जा, स्वास्थ्य, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए 'फिट इंडिया मूवमेंट' को नई दिशा और व्यापक जनभागीदारी प्रदान कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने उपस्थित युवाओं का आह्वान किया कि वे स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से देशभर में सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना को नई गति मिल रही है और 'सेवा पखवाड़ा' के माध्यम से समाज के हर वर्ग को सकारात्मक योगदान देने का अवसर प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री (शेष पृष्ठ सात पर)

# चलती एंबुलेंस में भड़की आग, मचा ड़कम्प



देहरादून(उद संवाददाता)। डोईवाला क्षेत्र में शनिवार को एक बड़ा हादसा उस समय टल गया जब चलती एंबुलेंस में अचानक आग लग गई। यह घटना लच्छी वाला फ्लाईओवर के पास उस वक्त घटी जब श्रीनगर बेस हॉस्पिटल से एक मरीज को देहरादून ले जाया जा रहा था। अचानक एंबुलेंस में आग भड़क उठी, जिससे कुछ समय के लिए इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सौभाग्यवश, एंबुलेंस में सवार लोगों ने समय रहते आग की भनक लगा ली और तत्काल मरीज को बाहर निकालकर सुरक्षित दूसरी व्यवस्था से अस्पताल पहुंचाया गया। इससे एक संभावित बड़े हादसे को टाल दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक एंबुलेंस पूरी तरह जल चुकी थी। दमकल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पा लिया, जिससे आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली। इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन इससे एंबुलेंस की तकनीकी सुरक्षा और नियमित जांच व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच (शेष पृष्ठ सात पर)

# हिंदूवादी संगठनों ने फूंका लव जिहाद का पुतला

## बुलडोजर एक्शन की मांग, २३ को विशाल प्रदर्शन का ऐलान



रामनगर(उद संवाददाता)। रामनगर शहर में कक्षा आठ की एक नाबालिक छात्रा को विशेष समुदाय के युवक द्वारा प्रेमजाल में फँसाने का मामला सामने आने के बाद माहौल गर्म हो गया है। विवादित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्थानीय और हिंदूवादी संगठनों के लोग विरोध में सड़कों पर उतर आए। घटना की शुरूआत तब हुई जब छात्रा अपनी मुस्लिम सहपाठी के माध्यम से एक युवक से मिली। आरोप है कि इस सहपाठी ने छात्रा को बुर्का पहनाया और वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ। छात्रा जब कॉलेज से लौट रही थी, अचानक गायब हो गई। खोजबीन के बाद पुलिस तथा परिजनों ने पता लगाया कि वह उस युवक (शेष पृष्ठ सात पर)

# एक दिन पहले बनी सड़क को फिर से खोदने पर डीएम का एक्शन

## लापरवाह अधिकारी के वेतन से कटेगा डामरीकरण का खर्चा



हल्द्वानी (उद संवाददाता)।देवलचौड़ चौराहे पर लोक निर्माण विभाग की लापरवाही एक बार फिर सुर्खियों में आ गई है। रात को विभाग द्वारा जिस सड़क का डामरीकरण किया गया था, उसे दूसरे दिन सुबह ही पानी की लाइन बिछाने के लिए बुलडोजर चलाकर खोद दिया गया। जैसे ही यह मामला सामने आया, जिलाधिकारी वंदना ने इसका तत्काल संज्ञान लिया और इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग नैनीताल को दोषियों के विरुद्ध त्वरित जांच कर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने स्पष्ट किया कि यह लापरवाही किसी भी स्थिति में क्षम्य नहीं है। पेयजल लाइन बिछाने के लिए संबंधित कार्यदायी संस्था ने पहले से ही लोक निर्माण विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त कर लिया था, बावजूद इसके विभाग (शेष पृष्ठ सात पर)

# सीएम ने किया आदि कैलाश परिक्रमा रन का फ्लैग ऑफ


देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास से आदि कैलाश परिक्रमा रन (अल्ट्रा मैराथन) प्रोमो रन का फ्लैग ऑफ



किया। इसके साथ ही सीएम ने इसके लोगो का अनावरण भी किया। राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दो नवंबर 2025 को गूंजी गांव से आदि कैलाश मैराथन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन मुख्यमंत्री (शेष पृष्ठ सात पर)

# एनएच पर हाथियों के झुंड ने रोकी वाहनों की रफ्तार

हल्द्वानी। शनिवार देर रात हल्द्वानी-लालकुआं राष्ट्रीय राजमार्ग-109 पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब हाथियों का एक झुंड हल्दूचौड़ पुलिस चौकी के सामने अचानक आ पहुंचा। हाथियों को सड़क पर देख राहगीरों और वाहन चालकों में अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी गाड़ियां छोड़कर इधर-उधर भागने लगे और कुछ देर के लिए यातायात पूरी तरह से ठप हो गया।



हाथियों की अचानक मौजूदगी से राजमार्ग पर भय का माहौल बन गया। पुलिस और वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने में जुट गई। पुलिसकर्मियों ने लोगों को सतर्क रहने और हाथियों से सुरक्षित (शेष पृष्ठ सात पर)

# देवभूमि में प्राकृतिक आपदाएं: हर साल की चुनौती, सरकार बेबस





देहरादून (उद संवाददाता)। देवभूमि उत्तराखंड में प्राकृतिक आपदाओं के आगे सरकार भी बेबस हो गई है। गर्मियों में जंगल की आग, बरसात में दरकते पहाड़ों से होने वाले जान माल के नुकसान से स्थानीय निवासी प्रभावित हो रहे है। हालात ऐसे है कि देवालयों की भूमि माने जाती शिवालिक और हिमालय की पहाड़ियां कब कहर बन कर टूट जाए कहा नहीं जा सकता। साल 2015 से 2025 तक उत्तराखंड में प्राकृतिक आपदाओं से जानमाल का भारी नुकसान हुआ है, जिसमें कई लोगों की जान गई है. यहां तक कि हजारों की संख्या में लोग घायल भी हुए हैं, पिछले 11 सालों में 27,197 घटनाएं हुई हैं, जिसमें अतिवृष्टि या त्वरित बाढ़ 14,237 की घटनाएं हुई हैं। इसके अलावा राज्य में बड़ी मात्रा में इन 11 सालों में 5830 भूस्खलन भी हुए हैं। 11 सालों में 3839 लोगों की मौत हुई है. 6207 लोग घायल हुए थे। वहीं 312 लोग लापता भी हुए थे। यह सभी आंकड़े उत्तराखंड स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के सचेत डैशबोर्ड पर दर्ज है। पिछले 11 सालों में सिर्फ अतिवृष्टि या तुरंत बाढ़ के अलावा भूस्खलन की घटनाएं ही नहीं हुई हैं बल्कि इसमें आग, आंधी तूफान, डूबना या फिर बह जाना, बाढ़ ,भूकंप, वज्रपात ,सड़क दुर्घटना और हिमस्खलन जैसी घटनाओं के आंकड़े शामिल हैं। अगर हर एक साल में हुई प्राकृतिक आपदाओं की बात करें तो साल 2015 में 224 घटनाएं हुई, जिसमें अति वृष्टि /त्वरित बाढ़ की 155 घटनाएं हुई थी, 32 भूस्खलन की घटनाएं हुई साल 2015 में 54 लोगों की मौत और 63 घायल हुए थे। साल 2016 में 103 घटनाएं हुई अतिवृष्टि त्वरित बाढ़ की, 18 भूस्खलन (शेष पृष्ठ सात पर)

## चुनौतियों का सामना करने में डटे सीएम धामी

देहरादून। देवभूमि उत्तराखंड में आई आपदाओं के बाद प्रभावित लोगों के बीच सबसे पहले पहुंचने वाले सीएम पुष्कर सिंह धामी कहते है कि प्राकृतिक आपदाएं हमारे लिए हर साल चुनौतियां पैदा कर रही है। ये ऐसी चुनौतियां है जिसके बारे में पहले से कुछ नहीं कहा जा सकता। कभी जंगल की आग है तो कभी मानसून में बारिश के बादल फट रहे है। ऐसे हालात देखे है कि मौसम खुला है और पहाड़ दरक गए। धराली की जल प्रलय के बारे में किसी ने नहीं सोचा था। फिर भी हमारी सरकार इन प्राकृतिक चुनौतियों का सामना कर रही है। हम प्रभावितों को मदद पहुंचा रहे है। प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री श्री शाह ने लगातार संपर्क में रह कर हमे हौंसला दिया है।

# ब्लॉक स्तरीय मिनी क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न,खेल प्रतिभाओं ने दिखाया दमखम

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। स्कॉलर वैली इंटरनेशनल विद्यालय, सितारगंज शनिवार को खेल भावना और उत्साह का केंद्र बन गया, जब यहां अंडर-14 बालक एवं बालिका वर्ग की ब्लॉक स्तरीय मिनी क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर न सिर्फ अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया, बल्कि अनुशासन और समर्पण की भावना से भी सभी का मन जीत लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष सुखदेव सिंह, बलविंदर सिंह, दया तिवारी, अजय कठायत एवं ग्राम प्रधान हरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने की। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि खेल शारीरिक क्षमता



को ही नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती, अनुशासन, एकता और संघर्ष की भावना को भी प्रबल बनाते हैं। बच्चों में दिखा उत्साह यह दर्शाता है कि क्षेत्र की युवा पीढ़ी खेल के मैदान में भी बेहतरीन भविष्य की ओर अग्रसर है। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय का परिसर तालियों से गूंजता रहा। खेल मैदान के चारों ओर अभिभावकों, शिक्षकों और सहपाठियों की मौजूदगी ने खिलाड़ियों को जोश से भर दिया। बच्चे मैदान में दौड़े, कूदे और जीत की पूरी कोशिश के साथ हर स्पर्धा में उतरे। बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में तनिष्का आर्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अनुष्का विश्वास दूसरे स्थान पर रहीं। 400 मीटर दौड़ में दिव्या बिष्ट ने बाजी मारी और फातिमा दूसरे स्थान पर रहीं। वहीं 600 मीटर दौड़ में आकांक्षा पहले और काजल दूसरे स्थान पर रहीं। बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में वंश सिकदर पहले और आयुष आर्य दूसरे स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में रुद्र अग्निहोत्री ने प्रथम और सचिन साहनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में गौरव मेवाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया, वहीं अंशु विश्वास ने दूसरा स्थान पाया। 600 मीटर दौड़ में भी गौरव मेवाड़ी ने बाजी मारी, जबकि आयुष आर्य ने पुनः दूसरा स्थान प्राप्त किया। इन प्रमुख रेस के अतिरिक्त खो-खो, कबड्डी, चक्का फेंक, गोला फेंक, बाधा दौड़ और रिले रेस जैसी अनेक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने दमदार प्रदर्शन के साथ खेल भावना और टीम वर्क का परिचय दिया। ब्लॉक खेल समन्वयक निर्मल सरकार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा हैं, लेकिन असली खिलाड़ी वही होता है जो पूरे मनोयोग से मैदान में उतरकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करता है। कार्यक्रम का मंच संचालन खिलानंद अटवाल और पंकज राय ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता के सुचारु संचालन और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए निर्णायक के रूप में निमाई चंद माझी, रामानंद राणा, बलवीर सिंह, रामजन्म चौहान, पुष्पेंद्र कटिहार, वीरेंद्र तोमर, अजय क्वीरा, अनिल श्रेष्ठ, विजन बिहार, दिनेश चौहान, परमेश्वरी सहाय, जनार्दन सिंह, खिलेंद्र चौहान, मनोज कुमार, जसूद मेहता और पवन कुमार सहित अनेक शिक्षकों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# नवरात्र में नहीं होगी कुट्टू के खुले आटे की बिक्री

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। खाद्य सुरक्षा अधिकारी व व्यापारियों की एक बैठक में असिस्टेंट कमिश्नर प्रकाश फुलारा ने कहा कि आगामी नवरात्रि पर कुट्टू का आटा खुले में बिक्री नहीं की जाएगी। साथ ही कुट्टू का आटा जो भी बाजार में बिकेगा वह सील बंद होना कमिश्नर ने कहा कि पिछले नवरात्रि के अवसर पर हरिद्वार में कुट्टू के आटा खाने से कई लोग बीमार हो गए थे जिसके मध्य नजर राज्य सरकार द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि कुट्टू का आटा खुले में ना बेचा जाए सिर्फ सील बंद पैकेट में ही अच्छी गुणवत्ता वाला ही बैठक में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को आश्वासन दिया कि व्यापारी सरकार की गाइडलाइन को पूरा करेंगे। व्यापारी ग्राहक के स्वास्थ्य से किसी भी तरह का समझौता नहीं करेंगे। साथ ही खुले में कुट्टू का आटा नहीं बेचेंगे। बाजार में जो भी कुट्टू का आटा बिकेगा वह अच्छी



चाहिए। उसमें फेसाई का लाइसेंस नंबर इंगित व मैन्युफैक्चरिंग डेट भी आवश्यक रूप से होनी चाहिए। अगर कोई भी व्यापारी कुट्टू का आटा खुले में बेचेगा तो उसके खिलाफ विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी असिस्टेंट कमिश्नर प्रकाश फुलारा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्य व वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अर्पण शाह मौजूद थी। असिस्टेंट बेचा जाए। साथ ही पैकेट पर मैन्युफैक्चरिंग डेट भी होना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि कुट्टू का आटा खुले में रखे जाने पर अगले कुछ ही दिनों में खराब होने की संभावना ज्यादा रहती हैं। इसलिए कुट्टू का आटा सिर्फ और सिर्फ सील बंद पैकेट में ही बिकेंगे। जिस पर समस्त व्यापारियों ने कहा कि वह सील बंद कुट्टू का आटा ही बेचेंगे। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने गुणवत्ता वाला होगा। जुनेजा ने कहा कि इस बाबत व्यापार मंडल अन्य व्यापारियों को भी जागरूक करेगा। बैठक में मनोज छाबड़ा, संदीप राव, कृष्ण कनोडिया, रमेश जिंदल, अनिल जैन, मदन ग्रोवर, जनक राज, अजय गोयल, मुकेश गोयल, राजीव मित्तल, नवीन जैन, दीपक गोयल, राजेश कामरा, शिवेन सेठी, राजकुमार सीकरी सहित अनेको व्यापारी उपस्थित थे।

# संगोष्ठी में छात्र संघ चुनाव के नियमों की दी जानकारी

किच्छा(उद संवाददाता)।आदर्श राजकीय महाविद्यालय किच्छा में आगामी छात्र संघ चुनाव को लेकर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को चुनावी प्रक्रिया, नियमों व आचार संहिता की विस्तृत जानकारी दी गई और सभी से शांतिपूर्ण, को जागरूक करने की पहल की है। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रतन ने कहा कि छात्र राजनीति लोकतंत्र की पहली सीढ़ी है, जिसे सकारात्मक सोच और अनुशासन के साथ अपनाना चाहिए। उन्होंने छात्रों से अपील की कि हैं और इसमें किसी भी प्रकार की हिंसा या अनुशासनहीनता के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा और चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस



निष्पक्ष व आदर्श चुनाव संपन्न कराने का आह्वान किया गया। गौरतलब है कि छात्र संघ चुनाव 27 सितम्बर को प्रस्तावित हैं, जिसके लिए कुमाऊं विश्वविद्यालय द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। इसी क्रम में महाविद्यालय प्रशासन ने छात्रों वे आदर्श आचरण के साथ चुनाव प्रक्रिया में भाग लें, जिससे महाविद्यालय में स्वस्थ लोकतांत्रिक माहौल बना रहे। वहीं, कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव लोकतंत्र की आत्मा अवसर पर महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रो. प्रकाश भट्ट, प्रो. नरेश गंगवार, प्रो. उमर राव के अलावा विशेष सूचना इकाई से बी.वी. जोशी और संतोष नेगी भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# रामलीला में देवताओं के आगमन का हुआ मंचन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री रामलीला के द्वितीय दिवस पर ब्रह्मा आदि देवताओं का आगमन, रावण अत्याचार एवं आकाशवाणी आदि लीलाओं का सुंदर व अलौकिक मंचन किया गया। व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री द्वारा रामचरित मानस का सुंदर प्रस्तुतीकरण किया गया।रामलीला में शनिवार को व्यास पूजन अशोक अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, नरेंद्र साहनी ने सपरिवार किया। रामलीला समिति के सदस्योंमें अतुल अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, अमित जोशी, मनोज गुप्ता आदि ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। अटल भारत सम्मान फाउंडेशन, पटवा महिला समिति, खण्डेलवाल महिला समिति की सेवा रही। इस अवसर पर सौरभ अग्रवाल, संजय गोयल, राजेश साहू, कुसुमलता केसरवानी, सीमा देवल, दीपा गुप्ता, सारिकाकेसरवानी, नंदिनी देवल, मंजू देवल आदि लोग उपस्थित रहे। आज दशरथ दरबार, श्रीराम जन्म, ताड़का एवं सुबाहु वध का मंचन होगा। श्री रामलीला संचालन समिति द्वारा सभी भक्तों से भक्तजन सपरिवार पधारकर मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम जी की पावन लीला के मंचन का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करें तथा अपने बालक-बालिकाओं को



आग्रह किया गया कि यह रामलीला केवल मनोरंजन नहीं, अपितु धर्म, मर्यादा और संस्कृति की जीवंत पाठशाला है। सभी भी अवश्य लेकर आएँ, जिससे वे भारतीय संस्कृति एवं जीवन मूल्यों से परिचित होकर प्रेरणा प्राप्त कर सके।

# स्वास्थ्य सेवाएं नहीं सुधरी तो होगा आंदोलन: गणेश

किच्छा(उद संवाददाता)।राज्य आंदोलनकारी और प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. गणेश उपाध्याय ने प्रदेश में बिगड़ती स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। प्रेस को जारी एक विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। सरकार चिकित्सकों की नियुक्ति और संसाधन सुधारने के दावे कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। डॉ. उपाध्याय ने नीति आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि राज्य में नवजात शिशु मृत्यु दर में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है, जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि किच्छा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की स्थिति बेहद चिंताजनक है, जहां चिकित्सा अधीक्षक, सर्जन, फिजीशियन, एनेस्थेटिस्ट सहित 5 चिकित्सकों के पद वर्षों से रिक्त हैं, जबकि रेडियोलॉजिस्ट का पद ही समाप्त



कर दिया गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब किच्छा नगर की आबादी 2 लाख के पार पहुंच चुकी है और यह क्षेत्र राज्य की सबसे पुरानी तहसीलों में से एक है, तो अब तक सीएचसी को उपजिला चिकित्सालय का दर्जा क्यों नहीं दिया गया। डॉ. उपाध्याय ने यह भी आरोप लगाया कि 125 किमी दूर स्थित सुयालबाड़ी (नैनीताल) से सप्ताह में केवल तीन दिन के लिए एक्स-रे तकनीशियन भेजा जाता है, जो स्थानीय लोगों के साथ एक स्वास्थ्य मजाक से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि न केवल किच्छा, बल्कि शान्तिपुरी, हल्दी, पक्की खमरिया, नारायणपुर और बरा जैसे क्षेत्रों में भी चिकित्सकों और मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं की भारी कमी है। स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत यह है कि गरीब मरीज इलाज के अभाव में दम तोड़ रहे हैं, और जनप्रतिनिधि फोटो खिंचवाकर वाहवाही लूटने में लगे हैं। डॉ. उपाध्याय ने आरोप लगाया कि किच्छा सीएचसी वर्षों से नेतागीरी और राजनीतिक उपेक्षा की भेंट चढ़ चुका है और अब यह अस्पताल 'सफेद हाथी'बन गया है, जो अपनी बदहाली पर केवल आँसू बहा रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही किच्छा सीएचसी को उपजिला चिकित्सालय का दर्जा नहीं दिया गया और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार नहीं किया गया, तो जल्द ही जन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# हल्द्वानी के दमवाढूँगा में प्रारंभिक सर्वे का काम नवरात्रि से शुरू होगा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। दमुवाढुंगा सर्वे कार्य को लेकर शनिवार को हल्द्वानी में कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने दमवाढूँगा के स्थानीय लोगों के साथ जिलाधिकारी से मुलाकात कर वार्ता की । बैठक में दमुवाढुंगा क्षेत्र के सर्वे के संबंध में शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में जिलाधिकारी ने विधायक कालाढूंगी एवं स्थानीय लोगों को अवगत करवाया । बैठक में जिलाधिकारी ने हल्द्वानी उपजिलाधिकारी राहुल शाह को निर्देश दिए कि नवरात्र से क्षेत्र में प्रारंभिक सर्वे का काम शुरू कर दिया जाए, इस संबंध में जिलाधिकारी नैनीताल ने स्थानीय लोगों से वार्ड वार टीम बनाने की



भी अपील की है ताकि वह सरकारी टीम के साथ मिलकर सर्वे के काम में अपना सहयोग प्रदान कर सकें। उन्होंने कहा कि सर्वे टीम के लिए दमवाढूँगा में शीघ्र ही कैम्प कार्यालय खोला जाए। उन्होंने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिए कि सर्वे के दौरान क्षेत्र में पिलर लगाने का भी काम शुरू किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अगले 50 वर्षों को देखकर लगभग बढ़ती आबादी के भविष्य की मूलभूत आवश्यकताओं को देखते हुए कार्य योजना तैयार करते हुए क्षेत्र में पानी, बिजली,स्वास्थ्य शिक्षा, सीवर के लिहाज से भूमि चिन्हित की जाए, इस कार्य हेतु स्थानीय लोगों की भी सहमति ले ली जाय। गौरतलब है की बेनाप लैंड पर बसे दमवाढुंगा के रेवेन्यू एरिया घोषित होने का रास्ता साफ हो गया है, इस मामले में कालाढूंगी से विधायक बंसीधर भगत ने जिलाधिकारी को बताया कि वे स्थानीय लोगों के साथ इस मामले के समाधान के लिए एक लम्बे अरसे से प्रयासरत थे, दमवाढूंगा की आबादी लगभग 40000, इसमें नगर निगम के 3 वार्ड 35.36.37 वार्ड शामिल हैं, यहाँ के लोग लंबे समय से मालिकाना हक की मांग कर रहे थे, और अब माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दमुआढुंगा के डिफरेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम यानी ळच्ै तकनीक के माध्यम से सर्वे के निर्देश दें दिये हैं, मुख्यमंत्री धामी के फैसले से दमुआढुंगा के लोगों में खुशी की लहर है, ळच्ै सर्वे के बाद लोगों को घरों और जमीनों का मालिकाना हक मिलेगा, और विकास कार्यों के लिए भूमि की उपलब्धता भी सुनिश्चित हो सकेगी । सरकार की फैसले के बाद यहां के लोगों में खुशी का माहौल है।बैठक में उपजिलाधिकारी हल्द्वानी राहुल शाह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# कमिश्नर के जनता मिलन में मुआवजा से लेकर भूमि विवाद के मामलों का हुआ निस्तारण

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने शनिवार को कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में आमजनता की समस्याओं को सुना और मौके पर ही कई मामलों का समाधान किया। इस जनता मिलन में अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद, मुआवजा राशि, पार्क निर्माण और आर्थिक सहायता से जुड़ी रहीं। चकलुवा निवासी इन्दर सिंह ने बताया कि उनकी माताजी की मृत्यु सांप के काटने से हुई थी, लेकिन मुआवजा राशि अब तक प्राप्त नहीं हुई। इस पर आयुक्त ने वन विभाग के अधिकारी (एसीएफ) को तलब किया। जांच में पता चला कि 6 लाख रुपये की राशि समय पर ट्रांसफर कर दी गई थी, लेकिन खाते की केवाईसी अपडेट न होने के कारण राशि अटकी हुई थी। बाद में केवाईसी अपडेट होने पर धनराशि खाते में पहुँची, जिस पर शिकायतकर्ता ने आयुक्त का आभार व्यक्त किया। साथ ही आयुक्त ने जनता से अपील की कि बरसात के मौसम में सर्पदंश की घटनाएँ बढ़ जाती हैं, ऐसे में अंधविश्वास में समय न गँवाकर तत्काल नजदीकी अस्पताल जाएँ, जहाँ एंटीवेनम उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि घर और आसपास की सफाई रखने, खेतों में काम करते समय जूते-दस्ताने पहनने जैसी सावधानियाँ



बरतकर जोखिम कम किया जा सकता है। गौजाजाली बिचली कॉलोनी के निवासियों ने बताया कि नगर निगम द्वारा बनाए जा रहे पार्क से उनका आवागमन मार्ग बंद हो जाएगा। उन्होंने पार्क निर्माण रोकने का अनुरोध किया। इस पर आयुक्त ने नगर आयुक्त से पूरी जानकारी लेकर निर्देश दिए कि पार्क का निर्माण जारी रहे और साथ ही कॉलोनीवासियों के लिए रास्ता भी सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आयुक्त ने कहा कि पार्क में मॉर्निंग वॉक, बच्चों के लिए झूले और अन्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। जनता मिलन में कुछ अन्य गंभीर प्रकरण भी सामने आए। इनमें एक महिला ने बताया कि उनके दो बेटों की मृत्यु हो चुकी है और आर्थिक सहायता हेतु आवेदन करने के बावजूद अब तक सहयोग नहीं मिला। इस पर आयुक्त ने ओसी कलेक्ट्रेट को आवश्यक पत्राचार करने के निर्देश दिए। रामनगर टेडा के निवासियों ने अवगत कराया कि वे कार्बेट पार्क क्षेत्र में रहते हैं, लेकिन राजस्व ग्राम में शामिल नहीं किए गए हैं, जबकि अन्य कुछ लोगों को शामिल किया गया है। इस पर आयुक्त ने वन विभाग के अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए। एक अन्य भूमि विवाद में यह सामने आया कि जमीन का कुछ हिस्सा स्टाम्प पेपर पर बेचा गया था। इस पर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि स्टाम्प पेपर पर जमीन की बिक्री मान्य नहीं है और यदि यह मामला प्रमाणित होता है तो दोषी पर स्टाम्प चोरी का मुकदमा दर्ज किया जाएगा। जनता मिलन के दौरान आयुक्त ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का त्वरित और निष्पक्ष समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को राहत मिल सके और सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर पहुँचे।

## दबंगों ने किया महिला का जीना दूभर पीड़िता ने एसएसपी से लगाई गुहार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।रुद्रपुर के खेड़ा, वार्ड नं. 19 निवासी एक महिला ने दो साल पुराने दुर्व्यवहार के मामले में फिर से उत्पीड़न और जान से मारने की धमकियों की गंभीर शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से की है। पीड़िता पूनम पेशे से एक निजी अस्पताल में सफाईकर्मी हैं। उसने आरोप लगाया है कि उन्हें सोशल मीडिया, फोन कॉल और सार्वजनिक रूप से बार-बार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। पीड़िता का कहना है कि वह निरंकारी सत्संग मिशन से जुड़ी हुई हैं और दो वर्ष पूर्व एक रात्रि सत्संग के दौरान लंगर से बाहर निकलते समय तरसेम सिंह नामक व्यक्ति ने उसके साथ गलत व्यवहार किया था। उस वक्त शिकायत पर पुलिस ने तरसेम सिंह के खिलाफ कार्रवाई की थी। लेकिन इसके बाद से ही उनके परिजन और अन्य लोग लगातार दबाव बना रहे हैं कि वह समझौता कर लें, अन्यथा गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पीड़िता का आरोप है कि 16 सितम्बर 2025 को जब वह ड्यूटी के बाद अस्पताल से घर लौट रही थीं, तो कुछ लोगों ने कार से उनका पीछा किया और रास्ते में जातिसूचक गालियाँ देते हुए धमकाया। पीड़िता ने यह भी दावा किया है कि उसका मोबाइल नंबर कई लोगों गो बांट दिया गया है जिससे उसके पास लगातार अभद्र कॉल और अश्लील मैसेज प्राप्त हो रहे हैं। साथ ही, उसपर पति को छोड़ने का दबाव बनाया जा रहा है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उक्त लोगों के इशारे पर एक गैंगस्टर द्वारा भी उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। फिलहाल इस मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं हो पाई है, लेकिन पुलिस ने प्रकरण की जांच प्रारंभ कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाते हुए कहा है कि वह लगातार मानसिक दबाव में हैं और अपनी तथा अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।






## विधायक अरविंद पांडे और समाजसेवी शकील की मुलाकात से राजनीतिक गलियारों में हलचल

गदरपुर(उद संवाददाता)। विधायक अरविंद पांडे और समाजसेवी शकील अहमद की एक मुलाकात के बाद गदरपुर की राजनीतिक गलियों में हलचल तेज हो गई। विधायक अरविंद पांडे से मुस्लिम समाज के कुछ लोग व्यक्तिगत जुड़कर उन्हें मजबूत नेता के रूप में देख रहे हैं। बता दें कि शुक्रवार को समाजसेवी शकील अहमद विधायक अरविंद पांडे के निवास पर पहुंचकर मुलाकात की विधायक अरविंद पांडे और शकील अहमद दोनों ने काफी देर बातचीत की। इस दौरान शकील अहमद की टीम के भी कुछ लोग मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि विधायक के साथ बातचीत करीब एक घंटा से अधिक चली इसमें गदरपुर की तमाम समस्याओं को लेकर भी भारी मंथन किया गया। मुलाकात का एक फोटो भी समाज सेवी शकील अहमद ने सोशल



मीडिया पर शेयर किया है। शकील अहमद ने बताया कि विधायक पाण्डेय की लोकप्रियता के चलते अब ग्रामीण क्षेत्र के मुस्लिम लोग भी उनका गुणगान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधायक पाण्डे की दूर दृष्टि से आज भी वह लोगों के दिलों में राज कर रहे हैं। शकील अहमद ने विधायक को कुछ ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं से भी अवगत कराया जिस पर विधायक ने जल्दी उनका निस्तारण करने की बात कही। इस मुलाकात के कई मायने निकाले जा हरे हैं। बता दे कि शकील अहमद आम आदमी पार्टी से जुड़े हुए हैं इस मुलाकात के बाद कुछ लोग अब उन्हें भाजपा से जुड़ा हुआ मान रहे हैं इस सवाल पर शकील अहमद ने बताया कि उनकी विधायक से निजी मुलाकात थी और इस बात का खंडन करते हुए बताया कि मैं आम आदमी पार्टी में हूं पार्टी अपनी जगह और व्यक्तिगत संबंध अपनी जगह हालांकि समाजसेवी शकील अहमद और विधायक अरविंद पांडे की ।

## विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में दी गयी विभिन्न जानकारियां

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के दिशा-निर्देशों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के अध्यक्ष / जिला न्यायाधीश श्री हरीश कुमार गोयल के मार्गदर्शन में, सिविल जज (सी.डी.) एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल श्रीमती पारुल थपलियाल के द्वारा गोविंद बल्लभ पंत राजकीय इंटर कॉलेज, खैरना गरमपानी में "राष्ट्र निशान जागरूकता अभियान" (राष्ट्रीय प्रतीक जागरूकता मिशन) के अंतर्गत विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव सिंह द्वारा सचिव महोदया के स्वागत एवं अभिनंदन से हुआ। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत की मधुर प्रस्तुति दी गई, जिसने कार्यक्रम में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। शिविर में अपने संबोधन के दौरान श्रीमती पारुल थपलियाल ने छात्रों को राष्ट्रीय प्रतीकों की महत्ता एवं उनके प्रति सम्मान की भावना विकसित करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा), राष्ट्रीय चिन्ह (सिंह



स्तंभ), राष्ट्रगान (जन गण मन), राष्ट्रीय गीत (वंदे मातरम), राष्ट्रीय पक्षी (मोर), राष्ट्रीय फूल (कमल) तथा राष्ट्रीय वृक्ष (बरगद) जैसे प्रतीक भारत की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं संवैधानिक पहचान के आधार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ये प्रतीक न केवल हमारे गौरव और आत्मा के प्रतीक हैं, बल्कि यह हमारी एकता, अखंडता और देशभक्ति को भी दर्शाते हैं। राष्ट्र निशान जागरूकता अभियान का उद्देश्य जन-जन को इन प्रतीकों के प्रति सम्मान, सही उपयोग एवं जागरूकता की भावना से जोड़ना है। इसके अतिरिक्त, सचिव महोदया ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली से छात्रों को अवगत कराया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को महिलाओं से संबंधित कानूनों जैसे घरेलू हिंसा अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, दहेज निषेध अधिनियम, साथ ही ष्अपराध पीड़ित प्रतिकर योजनाष, ष्राहवीर योजनाष जैसी योजनाओं की जानकारी भी विस्तार से दी। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे आम नागरिक इन योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं और विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं। शिविर में विद्यालय के शिक्षक यशवंत कुमार, संजय कुमार सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे।

## चित्रकूट रामनगर में नवरात्रि महोत्सव एवं विराट धर्म सम्मेलन 22 से

रामनगर (उद संवाददाता)। आगामी 22 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक श्री हरि कृपा आश्रम चित्रकूट रामनगर में नवरात्रि महोत्सव एवं विराट धर्म सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर एंव संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहां श्री हरि कृपा आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को इस आशय की जानकारी देते हुए कहा कि जो व्यक्ति विपत्तियों, बाधाओं व परेशानियों से लड़ने की क्षमता रखता हो वही जीवन के विकास का सच्चा आनंद प्राप्त कर सकता है। महानता के काम करना लेकिन अपने को महान मत समझना। जीवन में वही आगे बढ़ सकते हैं जो व्यर्थ के उलझाव व टकराव से बचने की कोशिश करते हैं। संसार के सभी जीव मोह रूपी रात्रि में सोए हुए हैं मोह नींद में सोए उन जीवों को जगाने ही आते हैं।



उन्होंने कहा कि भूतकाल से प्रेरणा लें, हो चुकी गलतियों को सुधारें, भविष्य के लिए योजनाएं चाहे बनाएं लेकिन वर्तमान में जीना सीख लें। सर्वाधिक महत्वपूर्ण समय वर्तमान ही है। वर्तमान का ही उत्तम से उत्तम सदुपयोग करें। वर्तमान को छोड़कर मात्र भूत व भविष्य का चिंतन मूर्खता है। महाराज श्री ने कहा कि आज लोगों में सहनशक्ति का सर्वथा अभाव हो रहा है। किसी को एक दूसरे की बात अच्छी नहीं लगती। क्रोध व आवेश बात बात में आ जाता है। लेकिन ऐसा क्रोध व आवेश जिसके आने पर हम अपने होश खो बैठें, विवेक को जागृत ना रख सके, उचित अनुचित का बोध हमें ना रहे,हमारे जीवन के लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि हमेशा मुस्कुराते रहना चाहिए क्योंकि अन्यान्य प्रार्थनाओं की अपेक्षा इससे आप स्वयं को परमात्मा के अधिक करीब अनुभव करेंगे। इससे पूर्व यहां पधारने पर श्री महाराज का बड़ी संख्या में भक्तों ने फूल मालाएँ पहनाकर, पुष्प करते हुए, आरती उतारकर श्री गुरु महाराज ,कामां के कन्हैया व लाठी वाले भैय्या की जय जयकार से भव्य व अभूतपूर्व स्वागत किया। प्रातः काल श्री हरेश्वर महादेव का एंव श्री दिव्येश्वर महादेव का पूजन व महाभिषेक पूर्ण वैदिक सनातन संस्कृति के अनुरूप श्री महाराज के द्वारा किया गया। सामूहिक सुन्दर काण्ड पाठ, प्रवचन व आश्रम में आयोजित कार सेवा में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया ।

## फैक्ट्री अधिकारियों पर उत्पीड़न का आरोप

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में कार्यरत महिला श्रमिक ने पंतनगर थाने में सौंपे शिकायती पत्र में फैक्ट्री के कुछ जिम्मेवार लोगों पर मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। महिला का कहना है कि वह मूल रूप से पर्वतीय क्षेत्र की निवासी है और रूद्रपुर में किरायेंदार के रूप में रहती है। साथ ही सिडकुल पंतनगर की एक कम्पनी में पिछले डेड़ वर्ष से कॉन्ट्रेक्ट बेस पर काम करती है। उसका आरोप है कि 19 सितम्बर को सुबह कंपनी के एक जिम्मेवार व्यक्ति ने गाली गलौच कर उसे धमकी दी। इस सदमें में वह बेहोश हो गई। लेकिन किसी ने भी उसका उपचार नही कराया। उसका आरोप है काफी विनती करने के बाद वह अपना ईलाज करवा पाई। महिला का आरोप है कि कंपनी के जिम्मेवार लोग उसे तीन महिने से उसका मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न कर रहे है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## राजेंद्र सिंह अधिकारी बने उपनिदेशक फार्मेसी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला एवं मंडलीय औषधि भंडार रुद्रपुर उधमसिंह नगर में तैनात राजेंद्र सिंह अधिकारी को प्रभारी उपनिदेशक फार्मेसी का दायित्व सौंपा गया है। वे राज्य फार्मेसी संवर्ग में सबसे वरिष्ठ अधिकारी हैं। संयुक्त सचिव स्वास्थ्य अरविंद सिंह पांगती द्वारा उनके उपनिदेशक पद पर तैनाती के आदेश जारी किए हैं। उन्हें स्वास्थ्य महानिदेशालय देहरादून में तैनाती मिलेगी। उनकी तैनाती पर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन कुमाऊं मंडल ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री, स्वास्थ्य सचिव और महानिदेशक का धन्यवाद व्यक्त किया है। एसोसिएशन के मंडलीय अध्यक्ष गजेंद्र कुमार पाठक, मंडलीय सचिव कुमाऊं प्रेमशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष दिगम्बर रावत, सीएमएसडी के मुख्य फार्मेसी अधिकारी डी के जोशी, फार्मेसी अधिकारी एम एन गोस्वामी प्रदीप राणा पवन पांडे किशोर विश्वकर्मा दलजीत सिंह गोराया जगदीप राणा आदि ने श्री राजेंद्र सिंह अधिकारी के उपनिदेशक फार्मेसी बनने पर हर्ष व्यक्त किया है और कहा है कि उनकी तैनाती से फार्मेसी संवर्ग को नवीन दिशा प्राप्त होगी।



## आयुर्वेद दिवस पर चिकित्सा शिविर आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। 10 वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में काया आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज भुजिया घाट ने निशुल्क चिकित्सा शिविर राजकीय इंटर कॉलेज दोगड़ा में आयोजित किया। कॉलेज के प्राचार्य एव चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ विनय खुल्लर ने बताया 320 स्थानीय निवासियो छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण ब्लड सुगर ,ईसीजी , ब्लड प्रेशर एव ओषधि वितरण निशुल्क संपन्न हुआ। डॉ नेहा उपाध्याय ने विद्यालय की छात्राओं को पर्सनल हाइजीन एव प्राचार्य डॉ खुल्लर ने छात्रो को उचित दिनचर्या अपनाके स्वस्थ रहने के लिए जागरूकता व्याख्यान दिए। शिविर में डॉ महेंद्र बोरा, डीएमएस डॉ स्वप्निल, डॉ श्वेता पौल, डॉ किरण बहुगुणा, डॉ नेहा , डॉ गौरव बिस्ट, आदि ने परामर्श दिया। शिविर में मनीषा रजवाड़ ने सुगर जांच की अंकिता जोशी, घनश्याम तिवारी, हिताक्षी, हेमा नरेन्द्र भकुनी, ललित, रेखा बरखा आदि ने सहयोग किया। कॉलेज के निदेशक अशोक पाल ने कहा की जनहित में ऐसे शिविरों का आयोजन भविष्य में निरंतर करते रहेंगे



# मेडिसिटी हॉस्पिटल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

## शिविर में 43 लोगों ने किया रक्तदान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद शहीद ऊधम सिंह शाखा द्वारा मेडिसिटी हॉस्पिटल में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 43 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर में युवाओं का जोश देखने लायक था। इसके अतिरिक्त, एक विशेष आवश्यकता के अंतर्गत श्री आयुष गर्ग ने ओ पॉजिटिव ग्रुप की एक यूनिट एसडीपी देकर तत्काल जरूरतमंद मरीज की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर का शुभारंभ शाखा के सदस्यों द्वारा डॉ. दीपक छाबड़ा एवं डॉ. अंजू छाबड़ा के सान्निध्य में किया गया। दोनों चिकित्सकों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि समाज में रक्तदान जैसे कार्य मानवता का सच्चा उदाहरण हैं। शाखा की ओर से बताया गया कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य सिर्फ रक्त संग्रह नहीं बल्कि लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना भी है, ताकि आपातकालीन स्थितियों में किसी की जान सिर्फ एक यूनिट खून के इंतजार में न जाए। इस अवसर पर शाखा के अध्यक्ष विनय बंसल, सचिव निखिल कालरा, कोषाध्यक्ष डॉ. सुरेश छाबड़ा, महिला सहभागिता संयोजक शिखा हुड़िया, मनीषा गोयल, सेवा संयोजक अमित जिंदल, रक्तदान संयोजक संदीप गुगलानी, विशाल हुड़िया, मुकेश अग्रवाल, शरद गर्ग, पुनीत गोयल, आयुष गर्ग, आयुष अग्रवाल, ध्रुव सिंघल, सुनील ठुकराल, गुरबाज सिंह चावला, विकास गुंबर, नितिन खंडेलवाल, पंकज मित्तल, रमन अरोरा, संचित नारंग, सुशील नारंग, सौरभ बांगा तथा नवीन सदस्य दिवांशु गुलाटी सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।




# हरिपुरा और हरसान गावों में बांटे फलों के पौधे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पर्यावरण विद एवं पूर्व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. आशुतोष पंत ने बाजपुर ब्लॉक के हरिपुरा और हरसान गांवों में ग्रामीणों को आम, कटहल, आंवला, तेजपत्ता के पौधे निःशुल्क भेंट किए। यहां कार्यक्रम आयोजित करने में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत डॉ सौरभ चौहान और स्टाफ मुकेश कुमार का योगदान रहा। डॉ चौहान ने अपने वाहन से पौधे पहुंचाकर विशेष सहयोग दिया। डा. पंत ने सभी



सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में हरिपुरा के प्रधान प्रमोद जोशी और हरसान की प्रधान श्रीमती उर्मिला पंत उनके पति अशोक पंत और समाजसेवी दीप चंद्र दानी मौजूद रहे। डा. पंत ने कहा कि बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग से बचना है तो हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे। यदि हम आने वाली पीढ़ी को शुद्ध वायु और जल की उपलब्धता सुनिश्चित करना चाहते हैं तो पेड़ लगाने और बचाने होंगे।

# अग्रसेन जयंती पर रक्तदान शिविर आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महाराजा अग्रसेन युवा समिति द्वारा सुशीला तिवारी अस्पताल में एक ब्लड




डोनेशन कैंप आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन सिटी मजिस्ट्रेट जीएस चौहान द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने रक्तदान के लिए अग्रसेन युवा समिति के कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की। महाराजा अग्रसेन युवा समिति के अध्यक्ष विपुल अग्रवाल और महामंत्री कनव अग्रवाल ने बताया कि कैंप में 96 लोगों ने प्रतिभाग किया और 81 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। महाराजा अग्रसेन जयंती की उपलक्ष में आयोजित इस रक्तदान शिविर में एबंडेंस फाइनेंशियल सर्विस के डायरेक्टर अतिन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ऋषभ बंसल, अग्रवाल सभा अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, महिला समिति अध्यक्ष पायल अग्रवाल, अमित गोयल, तुषार मित्तल, युवा वैश्य सभा अध्यक्ष अतुल जायसवाल, महामंत्री कपिल अग्रहरि, सरिल गोयल, आयुष जैन, साहिल गोयल, अभिनव अग्रवाल, मनीष गोयल, दिव्यम अग्रवाल, कुशाग्र अग्रवाल, प्रद्योत कंसल, ऋषभ अग्रवाल, रुद्राक्ष गर्ग आदि उपस्थित रहे।

# आज लगेगी मेहंदी और कल निकलेगी भव्य श्री राम बारात

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्राचीन श्री शिव सेवा समिति द्वारा आयोजित होने वाली प्रभु श्री राम बारात को लेकर समिति के पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित किया। कार्यक्रम संयोजक हरिमोहन अरोड़ा ने बताया भगवान श्री राम जी की बारात को भव्य बनाने के लिए तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया राम बारात कल 22 सितम्बर को दोपहर 2बजे राधा कृष्ण मन्दिर लटूरिया आश्रम से निकाली जाएगी। राधा कृष्ण मन्दिर को अयोध्या पुरी की तर्ज पर सजाया गया है। जबकि रामलीला मैदान को जनक पुरी का स्वरुप दिया जा रहा है। संरक्षक रूपेन्द्र नागर ने व मीडिया प्रभारी हेमन्त साहू ने बताया आज शाम अयोध्या से आई प्रभु के चरणों की मेंहदी कार्यक्रम स्थल में हजारों महिलाओं को सजाई जायेगी। बारात में कुमाऊं भर लगभग 20 हजार से अधिक लोगों के




शामिल होने का अनुमान है। अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता व कार्यक्रम सह संयोजक शिव कपूर ने बताया राम बारात में दर्जनों झाकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र होगी। राम बारात में प्रेमानंद महाराज के सरुप के साथ झांकी निकाली जायेगी। पत्रकार वार्ता में महामंत्री पदम् पाल, सुनील गुप्ता, सुशील गुप्ता, अमित अश्वनी, मुरली मुलानी, पंकज गुंबर, धर्मेन्द्र साहू, अनिल अग्रवाल, दीपांशु शर्मा, सूरज लम्बा, पूरन सागर, रामरूप गुप्ता, अशोक सिंधी समेत तमाम लोग थे।

# ताड़का वध का मंचन देख दर्शकों ने जमकर बजाई तालियां

गदरपुर। श्री शिव मंदिर रामलीला कमेटी में ताड़का वध का शानदार मंचन किया गया। ताड़का की भूमिका में मुकेश चावला ने बेहतरीन अभिनय कर दर्शकों का दिल जीत लिया। उनके अभिनय पर दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। विश्वामित्र की भूमिका रोहित सुदामा ने निभाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लवली हुड़िया डिंपल आहूजा रहे उन्हें रामलीला कमेटी के अध्यक्ष जयकिशन अरोड़ा द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ताड़का वध देखने के लिए सैकड़ों की भीड़ उमड़ी। भीड़ को संभालने में महावीर दल के अध्यक्ष गौतम पपनेजा ने अपने दल के साथ संभाला इस दौरान नायब सिंह धारीवाल, परमजीत सिंह, रामा ढींगरा, बलदेव ढींगरा, नरेंद्र ग्रोवर, संजीव नागपाल, प्रवीण भगत, अमरजीत, अश्विनी, प्रवीण भगत, रॉबिन फुटेला सहित भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। दर्शकों ने रामलीला कमेटी की इस प्रस्तुति की खूब सराहना की। मंच का संचालन जसपाल डोगरा और ज्योति अरोड़ा ने किया।





SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# मालिकाना अधिकार को लेकर धरना 34 वें दिन भी जारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी ने बुधपार्क में विशाल भूमि अधिकार सम्मेलन आयोजित किया।33 दिन गांव में अनिश्चित कालीन धरने के बाद भी सरकार और प्रशासन की उपेक्षा को देखते हुए 34 वें दिन यह भूमि अधिकार सम्मेलन हल्द्वानी में आयोजित किया गया। सम्मेलन से घोषणा की गई कि मालिकाना अधिकार मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। सम्मेलन में बागजाला के अतिरिक्त सुल्तानगरी, पुछड़ी रामनगर, दानी बंगर, बिंदुखत्ता, भूड़ा खत्ता, टांडा खत्ता, बनभूलपुरा, दमुआढुंगा आदि से भी वन भूमि नजूल भूमि पर बसे लोग पहुंचे। भूमि अधिकार सम्मेलन के अंत में उप जिलाधिकारी हल्द्वानी के माध्यम से उत्तराखण्ड के राज्यपाल को मालिकाना अधिकार देने के लिए राज्य सरकार को निर्देशित करने की मांग पर ज्ञापन भेजा गया। भूमि अधिकार सम्मेलन से सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया यदि राज्य सरकार ने सभी वन भूमि नजूल भूमि पर बरसों से बसे सभी लोगों को मालिकाना अधिकार नहीं दिया गया तो मुख्यमंत्री के सचिव के भी रूप में कार्य कर रहे कुमाऊं कमिश्नर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। जिसकी तारीख की घोषणा शीघ्र की जाएगी।भाकपा माले के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि इस सरकार के राज में जनता के पास लड़ने के अलावा कोई विकल्प शेष नहीं बचा है। जमीन पर मालिकाना अधिकार हासिल करने के लिए भूमिहीनों की बड़ी एकता और आंदोलन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मसूरी में बालकृष्ण को सरकार एकड़ों जमीन औने पौने दाम पर दिया जा रहा है दूसरी ओर गरीब जनता को धामी सरकार उजाड़ने पर आमादा है। यह सरकार गरीबों पर दोहरी आपदा थोप रही है। किसान नेता किशन बघरी ने कहा कि बिंदुखत्ता



राजस्व गांव के मामले में भी यह सरकार जनता को भरमाने का काम कर रही है। अपने भूमि अधिकार को बुलंद करने के लिए सभी वन भूमि वासियों और खत्ता वासियों को एकजुट होना होगा। किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी ने कहा कि कल सर्किट हाउस में राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किसान महासभा बागजाला के प्रतिनिधि मंडल को मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया है। अब लड़ाई मुख्यमंत्री द्वारा मांगों पर विचार करने की बात से मालिकाना अधिकार पर घोषणा करवाने तक पहुंचाने की है। जिसके लिए संघर्ष और तेज किया जाएगा।अध्यक्षता बहादुर सिंह जंगी ने और संचालन आनन्द सिंह नेगी ने किया। इस दौरान यतीश पंत,डा उर्मिला रैस्वाल, वेद प्रकाश, विमला देवी, कुंदन सिंह मेहता, इस्लाम हुसैन, जीआर टम्टा, मुकेश बौद्ध, नफीस अहमद खान, बची सिंह कपकोटी, विमला रौथाण, हेमा देवी, पुष्कर दुबड़िया, गोविन्द जीना, प्रकाश फुलेरिया, गंगा प्रसाद, सुमित कुमार, हयात सिंह बिष्ट,मोहन सिंह बिष्ट, दीपक चन्याल, आरपी गंगोला, जुबैर, तस्लीम अंसारी, चन्दन, शेखर, गजेंद्र पाल सिंह, पुष्कर सिंह दानू, गिरधर बम, रमेश कुमार, प्रदीप बथ्याल, हरीश चन्द्र, सुन्दर लाल बौद्ध, चन्दन सिंह मटियाली, दीवान सिंह बर्गली, परवेज, मीना भट्ट, एमएस मलिक, पंकज चौहान, डा कैलाश पाण्डेय, अम्बा दत्त, भोला सिंह, नसीर अहमद, प्रेम सिंह नयाल, हरक सिंह बिष्ट, दौलत सिंह कुंजवाल, पुष्पा पाल, सोहन लाल, अनीता अन्ना,दया देवी, अनीता, भगवती, हीरा देवी,ये हेमा आर्य, पुष्पा भट्ट, पार्वती, अनीता अन्ना, श्याम सिंह, विमला पाण्डे, नीलम आर्य, दीपा, मन्नू देवी, तुलसी, देवकी, चंपा, नैन सिंह कोरंगा, नंदी, प्रतिमा देवी, कुलदीप, ललित प्रसाद, महेश राम, मिथलेश, सुनीता देवी, शोभा, दिनेश चन्द्र, रेखा देवी, शांति देवी, पुष्पा देवी, अमित कुमार, कमल जोशी, हरीश लोधी, नवीन, आजम, आशु, ऋषि मटियाली, निर्मला शाही, आनन्द दानू, जीएस बगड़वाल, सायमा, अफसर अली, लक्ष्मी, ललित जोशी, हेमंत, अंबा दत्त बचखेती, चेतन, नारायण दत्त आदि शामिल रहे।

# रामलीला मंचन संस्कृति व आदर्शों को जीवंत करने वाला उत्सव: विकास

## महापौर ने इंदिरा कालोनी में किया दूसरे दिन की लीला का शुभारम्भ

रूद्रपुर। शिव नाटक क्लब की ओर से इन्द्रा कालोनी में चल रही रामलीला मंचन श्रृंखला के दूसरे दिन का शुभारम्भ रविवार को नगर के महापौर विकास शर्मा एवं नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मंच पर उपस्थित अतिथियों का आयोजकों ने माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया।कार्यक्रम में महापौर विकास शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि रामलीला केवल धार्मिक आयोजन भर नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, आदर्शों और मूल्यों को जीवंत करने वाला उत्सव है। उन्होंने कहा कि रामलीला हमें यह सिखाती है कि असत्य और अन्याय का चाहे कितना भी प्रबल साम्राज्य क्यों न हो, अंततः विजय सत्य और धर्म की ही होती है। आज की युवा पीढ़ी को इस पवित्र मंच से प्रेरणा लेकर जीवन में सद्गुणों को अपनाना चाहिए। यही रामलीला का वास्तविक संदेश है।महापौर ने शिव नाटक क्लब के सतत प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बीते कई वर्षों से यह क्लब परंपरा को संजोए हुए है और आने वाली पीढ़ी तक धर्म और संस्कृति की विरासत पहुँचाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि नगर निगम शहर के धार्मिक स्थलों के संरक्षण और संवर्धन के लिए लगातार प्रयत्नशील है। शहरवासियों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए निगम ने कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। महापौर ने बताया कि इंदिरा चौक को 'डमरू चौक' और डीडी चौक को 'त्रिशूल चौक' के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके साथ ही शहर में भगवान शिव की विशाल मूर्ति स्थापित करने तथा प्राचीन धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण की योजना भी जल्द धरातल पर उतारी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल शहर की आध्यात्मिक पहचान को



मजबूत करेंगे बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी शहर को नई पहचान दिलाएंगे।महापौर ने विशेष रूप से युवाओं का आह्वान किया कि वे अपनी जड़ों से जुड़े रहें। उन्होंने कहा कि आज के समय में आवश्यक है कि हम अपनी पीढ़ी को धर्म, संस्कृति और परंपराओं से जोड़ें। रामलीला जैसे आयोजन ही वह माध्यम हैं, जिनसे समाज में आदर्श और संस्कारों का संचार होता है। यदि हम युवाओं को अध्यात्म और संस्कृति से जोड़ पाए, तो निश्चित ही समाज और राष्ट्र और अधिक सुदृढ़ होगा।इस अवसर पर नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने भी रामलीला मंचन की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन समाज में सामूहिकता और सांस्कृतिक चेतना को प्रबल करने का सशक्त माध्यम है। रामलीला मंचन के दूसरे दिन श्री शिव नाटक क्लब के कलाकारों द्वारा रावण वेदवती संवाद ,श्रवण की मातृ पितृ भक्ति एवं श्रवण मरण तक की लीला का मंचन किया गया, जिसमें विशेष रूप से रावण की भूमिका जीतू गुलाटी, वेदवती अभिनव अनेजा,श्रवण सनी घई,,दशरथ गौरव गांधी,सत्यकीर्ती शिवम् चावला,शांतनु विशांत भसीन, ज्ञानवती अभिनव अनेजा, वशिष्ठ के भूमिका में पुष्कर नागपाल का अभिनय सराहनीय रहा। इस अवसर पर श्री शिव नाटक क्लब के अध्यक्ष जगदीश लाल सुखीजा,महासचिव राजकुमार भुसरी, राकेश छाबड़ा,कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र घई (बब्लू), विजय कक्कड़ (जौली), निर्देशक नरेश घई, जीतू गुलाटी, विजय कक्कड़ (जौली), सन्नी घई,उपाध्यक्ष स. अवतार सिंह, बिट्टू अरोरा, सचिव विजय परुथी, भारत भूषण हुड़िया,मंच संचालक विजय कक्कड़ (जौली), प्रचार मंत्री जगमोहन अरोरा, सन्नी अरोरा, पार्षद सुशील चौहान, इंद्रजीत सिंह, चिराग कालरा मंडल महामंत्री पारस चुग, संजय ठुकराल, वरुण मुंजाल, लक्की सुखीजा के अलावा राजदीप बढला, बन्टी मुन्जाल, मनोज बढला, बरुण जल्होत्रा राजीव भसीन, रमेश गुलाटी, प्रवीण बत्रा, राजीव झाम, हरीश जुनेजा, राकेश तनेजा, अनमोल ग्रोवर, पुष्कर नागपाल, पंकज कालड़ा, यश विजयराज सिंह, अक्षित छाबड़ा, प. शुभम शर्मा, गौरव भुसरी, रवि कक्कड़, विशाल गुंबर, वेतन खनिजो, डम्पी चोपड़ा, अमर परुथी, सन्नी कक्कड़, गौरव गांधी, अंशुल गुलाटी, पवन ठुकराल, विशान्त भसीन, अतुल बांगा, गर्व गुलाटी, हिमांशु पारिक, आदित्य कुमार, अनमोल घई दिव्यम घई, वंश वर्मा, शिवम चावला, कृष गावड़ी, केशव शर्मा, केशव नारंग, नैतिक तनेजा, निखिल अग्रवाल, अभिनव अनेजा आदि समेत तमाम लोग मौजूद रहे









# डेस्टिनेशन हब बनेगा मेरा संसदीय क्षेत्र : भट्ट

## सांसद अजय भट्ट ने ली वन एवं पर्यटन विभाग की बैठक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल-उधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र के सांस द एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कालाढूंगी में वन एवं पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में संजय वन, सिटी पार्क और बायोडायवर्सिटी पार्क सहित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। सांसद भट्ट ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यटन क्षेत्र में नवाचार लाने के साथ-साथ पूर्व में स्वीकृत योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लंबे समय से स्वीकृत जू परियोजना पर अब तक प्रगति न होना गंभीर चिंता का विषय है। साथ ही बायोडायवर्सिटी पार्क के निर्माण कार्य में तेजी लाने पर भी जोर दिया। सांसद ने तराई पश्चिमी एवं तराई केंद्रीय वन प्रभाग



में पर्यटन के नए क्षेत्रों को विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में स्थानीय लोगों व पर्यटकों के लिए परिवार संग समय बिताने हेतु एक आकर्षक पार्क विकसित किया जाए, जिसमें कैंटीन और कैफे की भी व्यवस्था हो। सांसद ने अधिकारियों से दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ योजनाओं के क्रियान्वयन में योगदान देने का आह्वान किया और स्पष्ट कहा कि वे समय-समय पर सभी परियोजनाओं की प्रगति व निर्माण कार्यों की समीक्षा करते रहेंगे।

# अनाज मंडी गदरपुर में रामलीला का भव्य शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। अनाज मंडी गदरपुर स्थित श्री रामलीला कमेटी की ओर से रामलीला महोत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कमेटी के अध्यक्ष रविन्द्र बजाज ने फीता काटकर किया। उद्घाटन से पूर्व दीप प्रज्वलन महामंत्री श्री अशोक धीर और कोषाध्यक्ष कृष्ण लाल अनेजा द्वारा किया गया,



साथ ही नारियल फोड़कर परंपरागत रीति से पूजन-अर्चन किया गया।पूजन का विधिवत कार्य पंडित विजय शास्त्री जी द्वारा संपन्न कराया गया।प्रथम दिवस पर मंचन किए गए प्रमुख दृश्यों में रावणख़ वेदवती संवाद और सीता जन्म शामिल रहे। रावण की भूमिका अमन गाबा ने निभाई।वेदवती के रूप में गुलशन शर्मा मंच पर उतरे।राजा जनक की भूमिका दीपक छाबड़ा ने की।इन दृश्यों का निर्देशन सिद्धार्थ भुसरी द्वारा किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।अध्यक्ष रविन्द्र बजाज ने उद्घाटन अवसर पर जनता से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में आकर रामलीला का आनंद लें और धर्म व संस्कृति की इस परंपरा को सफल बनाएं। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में श्री तिलक राज भुसरी, श्री वेद बजाज, हरिचंद छाबड़ा, अशोक पोपली, सतीश छाबड़ा, निर्मल नारंग, विजय छाबड़ा, धीरज इशपूजनी, अनमोल अरोड़ा और अंकुर चावला शामिल रहे।

# छात्रसंघ चुनाव को लेकर कहासुनी के बाद युवक को मारी गोली

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के बगवाड़ा कस्बे में छात्रसंघ चुनाव को लेकर हुए विवाद के बाद एक युवक को गोली मार दी गई। घायल युवक का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मामले में पीड़ित के परिजन की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बगवाड़ा भट्टा निवासी राजेन्द्र (उम्र 23 वर्ष) शनिवार शाम अपने दोस्तों के साथ बगवाड़ा कस्बे में मौजूद था। इसी दौरान छात्रसंघ चुनाव की वोटिंग को लेकर उसकी हिमांशु कश्यप उर्फ जस्सी और उसके साथियों के साथ कहासुनी और गाली-गलौज हो गई। जब गांव के कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना देने की बात कही, तो उक्त युवक धमकी देकर वहां से चले गए। कुछ देर बाद रात करीब 8:20 बजे, हिमांशु कश्यप अपने तीन अन्य साथियों रविकेश यादव (निवासी भदईपुरा), रवि दिवाकर (निवासी प्रीत विहार) और अरुण गुप्ता (निवासी रम्पुरा) के साथ एक स्विफ्ट कार में मौके पर लौटा। उस वक्त राजेन्द्र अपने दोस्तों के साथ सड़क किनारे डिवाइडर पर बैठा हुआ था। आरोप है कि चारों ने एक राय होकर राजेन्द्र पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। गोली उसके बाएं जांघ में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलने पर पीड़ित के पिता विनोद, निवासी बगवाड़ा भट्टा, ने कोतवाली रुद्रपुर में तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मौके से साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं और घटना में प्रयुक्त वाहन तथा हथियार की भी तलाश की जा रही है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित की जा चुकी हैं।

# सेवा क्रांति वेलफेयर ट्रस्ट ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

रुद्रपुर। 'रक्तदान जीवनदान है' इस प्रेरक संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से सेवा क्रांति वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा जवाहरलाल नेहरू ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन







किया गया। इस अवसर पर सरकारी ब्लड बैंक के इंचार्ज जितेन्द्र बृजवाल टीम के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ट्रस्ट के संस्थापक रामवीर यादव, कोषाध्यक्ष अलका अरोड़ा, पंडित जितेन्द्र शर्मा, समाजसेवी पंकज पापनेजा, तनवीर सिंह बेदी, जितेश अरोड़ा सहित अनेक वरिष्ठ सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। शिविर में युवाओं और नागरिकों का उत्साह देखते ही बनता था। कुल 30 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदाताओं में बड़ी संख्या में युवा वर्ग की भागीदारी देखने को मिली, जिससे यह स्पष्ट होता है कि आज की पीढ़ी भी सामाजिक उत्तरदायित्वों को लेकर सजग और संवेदनशील है। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के संस्थापक रामवीर यादव ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है और रक्त की एक-एक बूंद किसी जरूरतमंद को जीवनदान दे सकती है। उन्होंने आगे कहा कि सेवा क्रांति वेलफेयर ट्रस्ट का यह संकल्प है कि किसी भी मरीज को रक्त की कमी के कारण पीड़ा न झेलनी पड़े। संस्था सेवा और मानवता के पथ पर निरंतर कार्य कर रही है और आगे भी यह प्रयास जारी रहेगा। सेवा क्रांति वेलफेयर ट्रस्ट केवल रक्तदान तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है। संस्था द्वारा समय-समय पर निःशुल्क भोजन सेवा, गरीब परिवारों को राशन और दवाइयों का वितरण, थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों हेतु लाइव ब्लड डोनेशन, ऑक्सीजन सिलेंडर, व्हीलचेयर और बॉकर जैसी स्वास्थ्य सेवाएं भी निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। इसके अलावा, ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क एंबुलेंस सेवा, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान, परित्यक्त व अनाथ बच्चों की देखभाल एवं शिक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य व नेत्र जांच शिविरों का आयोजन तथा मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए आर्थिक सहायता भी दी जाती है।अब तक सेवा क्रांति वेलफेयर ट्रस्ट को समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सात राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# सऊदी अरब का नजरिया

गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने हाल में सऊदी अरब के साथ एक 'रणनीतिक पारस्परिक रक्षा' समझौता किया है। इसके मुताबिक, दोनों देशों में से किसी पर भी अगर कोई हमला होता है, तो उसे 'दोनों के विरुद्ध आक्रमण' माना जाएगा। यानी ऐसी स्थिति में दोनों एक-दूसरे का साथ देंगे। निश्चित तौर पर यह भारत के लिए चिंता का विषय है और माना जा रहा कि सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय एवं वैश्विक स्थिरता पर इस समझौते के प्रभावों का अध्ययन करेगी। यहां सवाल यह भी है कि क्या भारत से संबंधों को लेकर सऊदी अरब का नजरिया बदल गया है? अगर हाल-फिलहाल के घटनाक्रमों को देखें तो ऐसा कुछ नजर नहीं आता है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि भारत और सऊदी अरब के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी है, जो पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रगाढ़ हुई है। साथ ही उम्मीद जताई है कि सऊदी अरब रणनीतिक तौर पर भारत के साथ पारस्परिक हितों और संवेदनशीलता को ध्यान में रखेगा।ताजा समझौता इस वर्ष मई में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष के चार महीने बाद हुआ है और इस दृष्टि से भारत की चिंता जायज है। पाकिस्तान के इस कदम को भारत पर रणनीतिक रूप से मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने के प्रयास के तौर पर भी देखा जा रहा है। मगर एक सच यह भी है कि पाकिस्तान वर्तमान में गंभीर आर्थिक संकट, महंगाई और बेरोजगारी समेत कई मोर्चे पर जूझ रहा है। ऐसे में सऊदी अरब के साथ समझौते का एक अहम मकसद वित्तीय मदद हासिल करना भी है। वहीं, सऊदी अरब के भी अपने तकाजे हैं। वह ईरान और इजराइल की तनातनी से उत्पन्न क्षेत्रीय अशांति के खतरों के विरुद्ध अपनी सुरक्षा मजबूत करना चाहता है। मगर भारत के संदर्भ में देखें तो सऊदी अरब यहां लंबे समय से रणनीतिक और आर्थिक संबंधों में निवेश करता रहा है। भारत, सऊदी अरब का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार देश है। मगर उसका नया रुख चौंकाने वाला है। जो भी हो, इस समझौते से उपजी किसी भी आशंका एवं संभावना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और भारत को सतर्क रहकर भविष्य के लिए अपनी रणनीतियां तय करनी होंगी।

# आपदा पीड़ितों को हर संभव सहायता पहुंचाना हमारी प्राथमिकता: धामी

## मुख्यमंत्री ने लिया रुद्रप्रयाग जनपद के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का जायजा

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को जनपद रुद्रप्रयाग के आपदा प्रभावित बसुकेदार क्षेत्र के तालजामण, डूंगर, बड़ेथ, जौला, कमद, उछोला, छैनागाड़, पटुय आदि गांवों का हवाई सर्वेक्षण किया। तत्पश्चात उन्होंने जिला पंचायत सभागार, रुद्रप्रयाग में बैठक कर आपदा प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे बचाव एवं राहत कार्यों, विद्युत, पेयजल, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, मोटर मार्गों की अद्यतन स्थिति और श्री केदारनाथ धाम यात्रा की व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष मानसून काल में समूचे प्रदेश ने आपदा के कारण कठिन परिस्थितियों और चुनौतियों का सामना किया है। ।मुख्यमंत्री ने आपदा की इस घड़ी में राज्य को पूर्ण सहयोग देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आई आपदा की स्थिति की जानकारी का अपडेट समय-समय पर प्रधानमंत्री ले रहे थे। देहरादून पहुंचकर उन्होंने प्रभावितों से भेंट करने के साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में तात्कालिक राहत पहुंचाने के लिए 1200 करोड़ की धनराशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आगामी 30 सितम्बर तक अलर्ट मोड पर रहकर आपदा से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। उन्होंने नदी-नालों पर अतिक्रमण हटाने पर विशेष निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसून के बाद श्री केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से वृद्धि होने की संभावना है, इसके दृष्टिगत यात्रा व्यवस्थाओं को चाक - चौबंद बनाए रखना जरूरी है। ।जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग प्रतीक जैन ने मुख्यमंत्री को जनपद में मानसून काल तथा 28 अगस्त को आई आपदा से प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने आपदा के दौरान प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाने एवं राहत शिविरों में आश्रय देने की व्यवस्था, खाद्यान्न किट, रिफ्रेशमेंट किट, सोलर लाइट, कंबल, टेंट, तिरपाल, टॉर्च, चिकित्सा सुविधाएं एवं मेडिकल कैंप संचालित किए जाने राहत एवं बचाव कार्यों में मानवीय संसाधन, हेली सेवा द्वारा प्रसव पीड़िताओं को अस्पताल पहुंचाना, खाद्यान्न वितरण आपदा से पशु क्षति, निजी संपत्ति एवं पशुधन क्षति, भवन व गौशालाओं की क्षति सहित सड़क मार्ग, पेयजल योजनाएं, विद्युत पोल-ट्रांसफार्मर, कृषि भूमि आदि प्रभावित हुए परिसंपत्तियों के बारे में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री को जनपद के सड़क मार्गों पर जवाड़ी बाईपास, सिरोबगड़, मुनकटिया, गौरीकुंड हाईवे सहित संवेदनशील स्थलों तथा श्री केदारनाथ धाम पैदल मार्ग पर हुए नुकसान एवं सुधार कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की गई तथा केदारनाथ यात्रा के दूसरे चरण में अनुमानित यात्रियों की संख्या, हेली सेवाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी भी दी गई। विधायक रुद्रप्रयाग एवं विधायक केदारनाथ ने आपदा की घड़ी में त्वरित कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में आपदा से हुई क्षति, सड़क मार्ग निर्माण एवं अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया।इस अवसर पर चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत, विधायक रुद्रप्रयाग भरत चौधरी, विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, राज्य मंत्री चंडी प्रसाद भट्ट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष रितु नेगी, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, जिलाधिकारी प्रतीक जैन, पुलिस अध ीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित रहे।



# आपदा से सीख लेकर भविष्य के लिए बेहतर प्लानिंग करनी होगी : राज्यपाल

## नन्दा की चौकी और टपकेश्वर महादेव मंदिर में आपदा प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे राज्यपाल

देहरादून(उद संवाददाता)। शनिवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने विगत दिनों देहरादून जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने 15 और 16 सितम्बर को हुई अतिवृष्टि से हुए नुकसान का स्थलीय निरीक्षण किया और राहत व पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा की। राज्यपाल ने सबसे पहले कलेक्ट्रेट पहुँचकर जिला प्रशासन के अधिकारियों से आपदा की विस्तृत जानकारी ली। जिलाधिकारी श्री सविन बंसल ने राज्यपाल को बताया कि जैसे ही आपदा की सूचना मिली, प्रशासन द्वारा तत्काल प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर खोज एवं बचाव कार्य शुरू कर दिए। स्वयं डीएम ने आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति को सामान्य करने के लिए टीम का नेतृत्व किया। उन्होंने दूरस्थ क्षेत्र सहित अन्य प्रभावित जगहों पर किए जा रहे राहत कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। राज्यपाल ने डीएम और उनकी पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन ने बहुत कम समय में प्रभावित लोगों तक पहुँचकर उनकी मदद की। उन्होंने कहा कि दूरस्थ इलाकों तक पहुँचकर लोगों को भरोसा देना सराहनीय है। राज्यपाल ने कहा कि इस तरह की प्राकृतिक आपदाएँ समय-समय पर आती रहती हैं, लेकिन हमें हर स्थिति से सीख लेकर भविष्य के लिए और बेहतर तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया जाए, ताकि उनकी मेहनत और सेवा भावना को प्रोत्साहन मिले। राज्यपाल ने इसके बाद नन्दा की चौकी में क्षतिग्रस्त पुल का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने वहां जाकर अधि कारियों से पूरी जानकारी ली और बन रहे वैकल्पिक मार्ग के कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि तीन से चार दिनों में वैकल्पिक मार्ग तैयार कर लिया जाएगा, जबकि पुल के पूर्ण पुनर्निर्माण में कुछ समय लगेगा। राज्यपाल ने निर्देश दिए कि आवागमन को शीघ्र सुचारू किया जाए ताकि लोगों को असुविधा न हो। इस दौरान स्थानीय लोगों ने भी राज्यपाल से भेंट की और उन्हें अपनी परेशानियों से अवगत कराया। इसके उपरांत राज्यपाल ने आपदा से प्रभावित टपकेश्वर महादेव मंदिर का स्थलीय निरीक्षण किया। वहां पुजारियों और स्थानीय लोगों से आपदा से हुए नुकसान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिए कठिन चुनौती का समय है लेकिन शासन, प्रशासन के प्रयासों से जल्द ही स्थिति सामान्य हो जाएंगी।राज्यपाल ने इस दौरान टपकेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री सविन बंसल, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, अपर जिलाधिकारी जयभारत सिंह, के. के मिश्रा, एसपी सिटी प्रमोद कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।





# सीएम धामी ने मां धारी देवी के मंदिर में की पूजा अर्चना

देहरादून (उद संवाददाता) ।प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश और आपदा की गंभीर परिस्थितियों के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पौड़ी जनपद स्थित पावन धारी देवी मंदिर पहुंचे। मुख्यमंत्री शनिवार को चमोली और रुद्रप्रयाग जिलों में आपदाग्रस्त क्षेत्रों का जायजा लेने के बाद पौड़ी जिले स्थित धारी देवी मंदिर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने मां धारी देवी के चरणों में नतमस्तक होकर प्रदेशवासियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और प्राकृतिक आपदाओं से राहत के लिए विशेष पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि मां धारी देवी प्रदेश की आराध्य हैं, और मैं इस संकट की घड़ी में उनके चरणों में संपूर्ण उत्तराखंड की मंगलकामना लेकर आया हूं। पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों, तीर्थयात्रियों और मंदिर समिति के पदाधि कारियों से संवाद किया। उन्होंने लोगों से क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ली और आश्वस्त किया कि राज्य सरकार हर जरूरतमंद तक राहत पहुंचाने के लिए सतत प्रयासरत है। इस दौरान श्रद्धालुओं ने चारधाम यात्रा प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि आपदा के बावजूद सरकार द्वारा किए गए इंतजाम अत्यंत सराहनीय हैं। इंदौर से आए श्रद्धालु श्री संतोष पाठक ने मुख्यमंत्री को "हिंदू हृदय सम्राट" बताते हुए कहा कि "आपदा के समय जिस संवेदनशीलता और नेतृत्व क्षमता से मुख्यमंत्री कार्य कर रहे हैं, वह प्रेरणादायक है।" मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर और अलकनंदा तट का निरीक्षण किया और स्पष्ट निर्देश दिए कि नदी के दोनों किनारों पर भू-कटाव रोकने के लिए ठोस सुरक्षा दीवारों का निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ किया जाए। उन्होंने अधि कारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा मानकों से कोई समझौता न हो और कार्यों में गुणवत्ता व पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। प्रदेश सरकार पीड़ितों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस कठिन घड़ी में राज्य सरकार हर प्रभावित व्यक्ति के साथ है। राहत और बचाव कार्यों को युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि "हमारा संकल्प है कि हम हर पीड़ित तक पहुंचें, उसकी जरूरत समझें और उसे फिर से सामान्य जीवन की ओर ले जाएं।" इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधायक आशा नौटियाल (केदारनाथ), विधायक भरत सिंह चौध री (रुद्रप्रयाग), जिलाधिकारी श्रीमती स्वाति एस. भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री लोकेश्वर सिंह, अपर जिलाधिकारी अनिल गर्ब्याल, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीक्षिता जोशी सहित अन्य अधिकारी व गणमान्यजन उपस्थित रहे।



# 96 वर्षीय जबर सिंह रावत ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दान दिया 7 लाख का चेक

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में 96 वर्ष के पंडितवाड़ी, देहरादून निवासी जबर सिंह रावत ने मुलाकात कर उत्तराखंड में आपदा के पुनर्निर्माण कार्य हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष में 7 लाख की सहयोग राशि भेंट की। मुख्यमंत्री ने जबर सिंह रावत के इस नेक कार्य हेतु उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की मिट्टी में केवल आस्था और वीरता ही नहीं, अपितु सेवा और संवेदनशीलता की अमिट भावना भी रची-बसी है। इसका जीवंत उदाहरण जबर सिंह रावत है। इस भावुक और प्रेरणादायक क्षण में मुख्यमंत्री ने श्री रावत का सम्मान अभिनंदन करते हुए कहा कि जबर सिंह रावत का यह कार्य न केवल एक दान है, बल्कि यह एक जीवनभर के अनुभव, संवेदना और समाज के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है। 96 वर्ष की आयु में भी उनका यह जज्बा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। श्री जबर सिंह रावत का यह योगदान न सिर्फ आर्थिक सहायता है, बल्कि यह उत्तराखंड की सांस्कृतिक चेतना और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना का सुंदर उदाहरण भी है। राज्य आपदा के कठिन दौर से गुजर रहा है, और ऐसे समय में आम नागरिक द्वारा इस प्रकार का समर्पण सराहनीय है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने श्री रावत को शॉल भेंट कर उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की तथा प्रदेश की ओर से धन्यवाद प्रेषित किया। इस अवसर पर देहरादून कैंट क्षेत्र की विधायक श्रीमती सविता कपूर भी मौजूद रहीं।



# दो दिवसीय राज्य स्तरीय जु-जित्सू प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। खेल निदेशालय, उत्तराखंड एवं जिला खेल कार्यालय ऊधम सिंह नगर व जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के समन्वय द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंडर 21 व सीनियर ( बालक / बालिका ) उत्तराखंड राज्य स्तरीय जु-जित्सू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि विशेष प्रमुख सचिव खेल उत्तराखंड शासन अमित कुमार सिन्हा, जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष विनय कुमार जोशी, डीएसओ जानकी कार्की, निदेशक सतीश जोशी, ऋषि पाल भारती सहित संयुक्त रूप से सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि विशेष प्रमुख सचिव खेल उत्तराखंड शासन अमित कुमार सिन्हा ने जु-जित्सू खेल के शानदार आयोजन पर बधाई देते हुए कहा कि आज उत्तराखंड राज्य के जु-जित्सू खिलाड़ी राष्ट्रीय, एशियन गेम्स एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर प्रदेश व देश का मान बढ़ा रहे है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल निदेशालय उत्तराखंड द्वारा हर संभव मदद देने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष विनय जोशी ने राज्य के उदीयमान खिलाड़ियों की उपलब्धियों एवं राज्य की कार्य प्रणाली पर प्रकाश डाला। एवं विशेष प्रमुख सचिव अमित सिंह ने विगत दिनों नौवीं एशियन जु-जित्सू चौंपियनशिप, जॉर्डन एवं यूथ एशियन जु-जित्सू चौंपियनशिप थाईलैंड के सभी पदक विजेता व प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के दौरान डीसीओ जानकी कार्की ने विशेष प्रमुख सचिव अमित सिंहका भार जताया एवं सभी आयोजकों की भूरी भूरी प्रशंसा की।




प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में आठ जिलों के 150 खिलाड़ी प्रतिभाग जु-जित्सू खेल की नेख्र वाजा व फाइटिंग स्पर्धा में प्रतिभाग कर रहे है। प्रतियोगिता के प्रथम दिन अंडर 21वर्ग के बालक व बालिकाओं ने फाइटिंग व नेख्रवाजा इवेंट में अपने जौहर दिखाए। तथा बालिका वर्गख्र45 किग्रा फाइटिंग इवेंट में नैनीताल की रिद्धिमा नेगी ने प्रथम, ऊधम सिंह नगर की खुशबु ने द्वितीय, अल्मोड़ा की कमला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ख्र 48 किग्रा फाइटिंग इवेंट में देहरादून की दीपिका गुप्ता ने प्रथम, अल्मोड़ा की हिमानी मेर ने द्वितीय, नैनीताल की काव्य ने तृतीय स्थान, 52 किग्रा फाइटिंग में ऊधम सिंह नगर की सोनम ने प्रथम व लोरी ने द्वितीय, चंपावत की सोनिया ने तृतीय स्थान । ख्र 57 किग्रा में ऊधम सिंह नगर की कौशल्या ने प्रथम, नैनीताल की श्रीपर्णा जोशी ने द्वितीय, देहरादून की चार्वी बिष्ट ने तृतीय स्थान । ख्र63 किग्रा में ऊधम सिंह नगर की कताक्षा कौर ने प्रथम, नैनीताल की प्रीति बिष्ट ने द्वितीय व विनीता जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तथा अंडर 21 बालक वर्ग की ख्र 69 किग्रा में नैनीताल के दीपांशु बिष्ट ने प्रथम, तनिष्क सिंह ने द्वितीय, व ऊधम सिंह नगर के ऐसव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पहले दिन के मुकाबले में ऊधम सिंह नगर के खिलाड़ियों ने अपना दबदबा बनाए रखा। तथा दूसरे दिन के अन्य भार वर्गों के मैच जारी रहे। प्रतियोगिता में कमल सिंह, वैभव पाण्डेय, आदित्य सिंह, निलेश जोशी निर्णायक एवं हिमा भट्ट, गंगा मेहरा, विशाल मेहता, रूनू शर्मा, युवराज खाती, आकृति कौर ऑफिशियल्स की भूमिका में रहे। इस मौके पर मैनेजर करुणानिधि (हरिद्वार), विशान छेत्री (देहरादून) आदित्य सिंह (नैनीताल), ऋषि पाल भारती (ऊधम सिंह नगर), बलवंत सिंह (चंपावत व पिथौरागढ़), नवीन रयाल (टिहरी), कुंदन सिंह व यशपाल ( अल्मोड़ा), किशोर सिंह, मुकेश यादव, बलवंत सिंह, कृष्ण चौहान, जय प्रकाश व जिला खेल कार्यालय के समस्त प्रशिक्षक मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष...

**नमो युवा रन में ....**ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं की ऊर्जा राष्ट्रहित में और अधिक सार्थक होती है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजान दास, अन्य जनप्रतिनिधिगण, कार्यक्रम के संयोजक विपुल मैदोली सह संयोजक देवेंद्र बिष्ट आदि मौजूद थे। रूद्रपुर- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मनोज सरकार स्टेडियम से आरम्भ हुई इस मैराथन में 500 से अधिक युवा धावकों ने उत्साह और जोश के साथ भागीदारी की। दौड़ के समापन पर विजेताओं को स्मृति चिन्ह और सम्मान देकर पुरस्कृत किया गया। मैराथन दौड़ का शुभारम्भ भाजयुमो के राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह एवं सांसद अजय भट्ट ने संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर किया। युवाओं के साथ सांसद अजय भट्ट, वैभव सिंह, विधायक शिव अरोरा, महापौर विकास शर्मा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने भी दौड़ लगाते हुए युवाओं का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के अंत में विजेता धावकों को पुरस्कार वितरित किए गए। मैराथन दौड़ में प्रथम रहे सौरभ रावत को 5100 रूपये, द्वितीय विजेता धीरज को 3100 ओर तृतीय विजेता शोभित को 2100 रूपये की धनराशि पुरस्कार स्वरूप दी गयी। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद अजय भट्ट ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि इस मैराथन का उद्देश्य केवल दौड़ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण, नशामुक्ति, स्वास्थ्य और सकारात्मक जीवन मूल्यों से जोड़ने का एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार खेलो इंडिया, फिट इंडिया अभियान, प्रधानमंत्री युवा कौशल योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से युवाओं को न केवल खेल और स्वास्थ्य की ओर प्रोत्साहित कर रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी अवसर उपलब्ध करा रही है। भट्ट ने कहा कि आज का युवा ऊर्जा, सामर्थ्य और संकल्प का प्रतीक है। यदि हम अपने युवाओं को सही दिशा दें और उन्हें नशे जैसी बुराइयों से दूर रखें, तो भारत निश्चित ही विश्व गुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा। भाजयुमो राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह ने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने का एक अभियान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सदैव युवाओं को राष्ट्र शक्ति का आधार माना है और उन्हें हर क्षेत्र में प्रोत्साहित किया है। मैराथन जैसी गतिविधियाँ युवाओं को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक दृढ़ता और सकारात्मक सोच को भी विकसित करती हैं। आज की युवा पीढ़ी को चाहिए कि वह नशे जैसी सामाजिक बुराइयों को जड़ से समाप्त करने का संकल्प ले और अपने जीवन को खेल, शिक्षा और सेवा कार्यों में समर्पित करे।कार्यक्रम में कार्यक्रम संयोजक बिट्टू चौहान, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, विधायक शिव अरोरा, महापौर विकास शर्मा, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, जिला उपाध्यक्ष अमित नारंग, जिला उपाध्यक्ष अमित पांडे, पूर्व जिलाअध्यक्ष विवेक सेक्सेना, विपिन जालोत्रा,प्रमोद मित्तल, मोर सिंह यादव, संत कबीर मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, ममता त्रिपाठी, साधना शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा शशांक रावत, शशांक बिष्ट जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा, प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज पंत,बिट्टू चौहान जिला महामंत्री युवा मोर्चा, विशाल चौहान मंत्री युवा मोर्चा, नवजोत,रचित सिंह,केके त्रिपाठी,दीपक गंगवार, दीपक राठौर, अजीत,एवं सैकड़ो कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे

**सीएम ने किया आदि कैलाश...**पुष्कर सिंह धामी के साहसिक और शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने, युवाओं को स्वस्थ जीवन के लिए प्रोत्साहित करने और नशा मुक्त उत्तराखंड के संकल्प को पूर्ण करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह अल्ट्रा मैराथन 10,300 से 15,000 फीट ऊंचाई पर होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए बनाई गई वाईब्रेंट विलेज योजना को बढ़ावा देने के लिए भी यह मैराथन काफी कारगर साबित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मैराथन न केवल खेल प्रतियोगिता है, बल्कि सीमावर्ती लोगों को सम्मान, स्थानीय पहचान तथा होम-स्टे एवं पर्यटन क्षेत्र में स्थायी रोजगार के अवसर सृजित करने का सशक्त माध्यम भी है। आयोजन से राज्य की प्राकृतिक तथा सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। रविवार को आयोजित मैराथन में प्रदेशभर के बच्चों, युवाओं एवं अन्य सभी आयु वर्ग के लोगों ने प्रतिभाग किया। मैराथन का समापन उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद् कार्यालय में सम्पन्न हुआ। सचिव पर्यटन धीराज गर्ब्याल ने कहा कि 10 किलोमीटर दूरी की इस दौड़ प्रतियोगिता के शीर्ष तीन विजेताओं को 2 नवंबर 2025 को गुंजी, पिथौरागढ़ में आयोजित होने वाली आदि कैलाश मैराथन में प्रतिभाग का अवसर मिलेगा। इस आयोजन की पांच श्रेणियां 60 किमी (अल्ट्रा रन), 42 किमी (फुल मैराथन), 21 किमी (हाफ मैराथन), 10 किमी रन एवं 5 किमी रन रहेंगी। जिसमें देशभर के एथलीट प्रतिभाग करेंगे। इस मैराथन के सफल आयोजन के बाद जून 2026 में अगले मैराथन का आयोजन माणा-नीति क्षेत्र में प्रस्तावित है। व्यास और नीति घाटी में आयोजित होने वाली मैराथन में विजेताओं के लिए कुल 50 लाख की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है।

# शिविर में दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर वितरित किए

किच्छा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किच्छा में स्वास्थ्य सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत चल रहे स्वास्थ्य शिविर में दिव्यांग जनों को व्हीलचेयर वितरित की गई। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।



इस अवसर पर जरूरतमंद लोगों को व्हीलचेयर वितरित की गई, जिससे उन्हें जीवनयापन में सहूलियत मिल सके। आयोजन के दौरान स्वास्थ्य जांच और परामर्श की भी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों का परीक्षण किया और आवश्यक दवाइयां भी दीं। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.के. अग्रवाल मौजूद रहे। इसके साथ ही स्वास्थ्य मंत्री प्रतिनिधि अभिषेक सक्सेना, पूर्व मंडल अध्यक्ष विवेक राय, सभासद शोभित शर्मा तथा मेहर सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

**एक दिन पहले बनी...**ने आपसी समन्वय के अभाव में एक दिन पहले ही डामरीकरण कार्य करवा दिया और अगली ही सुबह सड़क को फिर से खोद दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि संबंधित विभागीय अधिकारी की स्पष्ट जिम्मेदारी निर्धारित की जाए और एक रात पहले किए गए डामरीकरण कार्य का भुगतान सरकारी खजाने से न कर, लापरवाह अधिकारी के वेतन से कटौती करते हुए किया जाए। साथ ही उस अधिकारी के सेवा अभिलेख में प्रतिकूल प्रविष्टि भी दर्ज की जाए।इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी वंदना ने आदेश की प्रति सचिव, लोक निर्माण विभाग और माननीय मुख्यमंत्री के सचिव को भी अवगत कराने हेतु प्रेषित की है, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही की पुनरावृत्ति न हो। वहीं अधीक्षण अभियंता ने जिलाधिकारी को आश्वस्त किया है कि इस लापरवाही पर यथोचित कार्रवाई की जाएगी और इस कार्य का भुगतान किसी भी स्थिति में सरकारी धन से नहीं किया जाएगा।

**देवभूमि में प्राकृतिक आपदाएं...**की घटनाएं हुई थी 2016 में 108 लोगों की मौत हुई थी 83 घायल हुए थे। 2017 में 63 घटनाएं हुई थी जिसमें 14 घटनाएं अतिवृष्टि या त्वरित बाढ़ की हुई थी 19 भूस्खलन की घटनाएं हुई थी 2017 में 72 लोगों की मौत हुई थी 38 घायल हुए थे और 21 लापता हुए थे। 2018 में 5056 घटनाएं हुई थी, 3706 घटनाएं अतिवृष्टि या त्वरित बाढ़ की हुई थी, 496 भूस्खलन की घटनाएं हुई थी साल 2018 में 720 लोगों की मौत 1207 घायल हुए थे और पांच लापता। 2019 में 2191 घटनाएं हुई थी अतिवृष्टि या त्वरित बाढ़ की 1205 घटनाएं हुई थी 291 भूस्खलन की घटनाएं और 532 लोगों की मौत हुई थी इसके अलावा 980 लोग घायल हुए थे और चार लापता हुए। साल 2020 में 3132 घटनाएं हुई थी 1627 अत्यावृष्टि या त्वरित बाढ़ की घटनाएं हुई थी भूस्खलन की 973 घटनाएं हुई थी 2020 में 301 लोगों की मौत 460 लोग घायल हुए थे और 6 लापता हुए। 2021 में 2839 घटनाएं हुई अतिवृष्टि या त्वरित बाढ़ की 2121 घटनाएं हुई 356 भूस्खलन की घटनाएं हुई 2021 में 393 लोगों की मौत ,366 लोग घायल हुए थे और 133 लोग लापता हुए। 2022 में 3156 घटनाएं हुई 2265 अतिवृष्टि या त्वरित बाढ़ की घटनाएं हुई. 245 भूस्खलन की घटनाएं हुई. साल 2022 में 518 लोगों की मौत 679 लोग घायल और 09 लापाता हुए। 2023 में 4990 घटनाएं हुई 2161 अतिवृष्टि या त्वरित बाढ़ की घटनाएं हुई. 2157 भूस्खलन की घटनाएं हुई साल 2023 में 497 लोगों की मौत 956 लोग घायल और 21 लापता हुए थे। 2024 में 3244 घटनाएं हुई 2408 अतिवृष्टि या त्वरित कर की घटनाएं हुई 209 पोस्ट की घटना हुई 2024 में 384 लोगों की मौत 809 लोग घायल और 17 लापता लोग हुए थे। साल 2025 में सितंबर 20 तक 2199 घटनाएं हो चुकी है जिसमें 700 घटनाएं अतिवृष्टि या त्वरित बाढ़ की हुई है. इसके अलावा 1034 भूस्खलन की घटनाएं भी हो चुकी है वहीं साल 2025 में 20 सितंबर तक 260 लोगों की मौत हो चुकी है 566 लोग घायल हुए है और 96 लोग लापता है। आपदा के इन आंकड़े में केदारनाथ की साल 2013 में 16 और 17 जून को आए जल प्रलय के आंकड़े नहीं दर्ज किए गए हैं. उस दौरान अकेले केदारनाथ में ही 4400 से ज्यादा लोग या तो लापता हो गए थे या फिर मारे गए थे। केदारनाथ नगरी में आई इस आपदा में भारी नुकसान हुआ था। अब इन प्राकृतिक आपदाओं की बात करें तो उत्तराखंड के सबसे ज्यादा पिथौरागढ़ ,चमोली ,रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, अल्मोड़ा, टिहरी,पौड़ी, चंपावत जैसे जिले शामिल है जहां सबसे ज्यादा प्राकृतिक आपदाएं आई है। जबकि इस साल देहरादून जिले में भी मानसून की आपदा ने दर्जनों लोगों की जान ले ली और बड़ी संख्या में मकान दुकानें होटल रिसॉर्ट भी बरसाती नदियों में बह गए है। नैनीताल जिला भी प्राकृतिक आपदाओं से अछूता नहीं रहा है। मैदानी जिले हरिद्वार और उधम सिंह नगर में भी नदियों के रौद्र रूप ने भारी नुकसान किया है।

# अमावस्या पर मां भगवती जागरण समिति ने बांटा प्रसाद

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्याम टाकीज रोड़ स्थित मां भगती जागरण समिति के सदस्यों द्वारा आज अमावस्या पर्व पर राहगीरों को चावल, आलू व खीर का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान राह गुजरते सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के सभी सदस्यों द्वारा माह की प्रत्येक अमावस्या एवं पूर्णिमा को प्रसाद का वितरण किया जाता है। जिसके तहत आज अमावस्या पर प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद



वितरण में सहयोग करने वालों में अशोक घई, राकेश कालड़ा, पंकज गांधी, अशोक कालड़ा, दीपक मुंजाल, बरीत राज कोचर, सुमित बठला, संजीव अरोरा, सन्नी छावड़ा, गोल्डी छावड़ा, सचिन छावड़ा, विनोद गुप्ता, कुलवंत सिंह बेदी, मनीष पाहवा, पम्मी सुखीजा, अमित अनेजा, टीटू छावड़ा, गुरमेज सिंह, मनोहर सिंह, दीपक रौतेला, देवेन्द्र सिंह, राकेश तनेजा, जगदीश सुखीजा, नन्दलाल शर्मा, बरीत राज कोचर, तुषार कोचर, श्वेता आर्या, टैनी कारीगर, महेन्द्र गाबा, तजेन्द्र साहनी व प्रमोद धींगरा आदि मौजूद थे।

**हिंदूवादी संगठनों...**के घर पर थी। इस खुलासे के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। रविवार को हिंदूवादी संगठनों द्वारा शहीद पार्क लखनपुर से विरोध प्रदर्शन करते हुए जुलूस निकाला। र रानीखेत रोड पर एमपी इंटर कॉलेज के समीप 'लव जिहाद' का पुतला फूंका गया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मदन जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मांग की है कि घटना में शामिल आरोपियों के घरों को बुलडोजर की कार्रवाई के दायरे में लाया जाए और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई हो। मदन जोशी ने यह भी बताया कि इस मामले में 23 सितंबर को रामनगर में एक विशाल प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शन के माध्यम से न केवल इस घटना का विरोध किया जाएगा बल्कि ऐसे लव जिहाद के मामलों को रोकने के लिए चेतावनी भी दी जाएगी। उधर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**एनएच पर हाथियों के ...**दूरी बनाए रखने की अपील की। हाईवे पर बने पैराफिट के कारण हाथी सड़क पार नहीं कर पाए और काफी देर तक इधर-उधर घूमते रहे। इस दौरान ट्रैफिक रोकना पड़ा और वाहन चालकों को कुछ समय के लिए इंतजार करना पड़ा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जंगल से सटे क्षेत्रों में हाथियों की आवाजाही अब आम हो गई है, लेकिन इस तरह राजमार्ग के बीचोंबीच उनका पहुंचना एक बड़े हादसे को न्योता दे सकता है। लोगों ने वन विभाग से हाथियों की आवाजाही रोकने के लिए स्थायी समाधान की मांग की है। वन क्षेत्राधिकारी रूपनारायण गौतम ने बताया कि हाथियों के झुंड की सूचना मिलते ही विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई थी। ग्रामीणों को सतर्क रहने और किसी भी स्थिति में हाथियों को न उकसाने की हिदायत दी गई है। उन्होंने बताया कि इस समय जंगलों के किनारे स्थित ग्रामीण इलाकों में धान और गन्ने की फसलें खेतों में खड़ी हैं, जो हाथियों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। यही कारण है कि हाथियों के झुंड बार-बार जंगल छोड़कर खेतों और गांवों की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की संभावना बनी हुई है। वन विभाग और पुलिस प्रशासन ने मिलकर स्थानीय लोगों को सतर्कता बरतने के लिए कहा हैं।

**चलती एंबुलेस में ...**शुरू कर दी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आग लगने की असल वजह क्या थीख्रक्या यह तकनीकी खराबी थी, या लापरवाही का मामला। फिलहाल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग इस पूरे मामले की विस्तृत जांच में जुटे हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# नारद मोह की लीला के साथ रुद्रपुर की प्रमुख रामलीला का मंचन शुरू





रूद्रपुर(उद संवाददाता)।नगर की प्राचीन बस अड्डे के सामनें वाली रामलीला का उद्घाटन बड़ी धूमधाम से मुख्य अतिथि मनकामेश्वर मंदिर कल्याण आश्रम कल्याणी व्यू के महंत स्वामी श्री नारायण चैतन्य जी महाराज द्वारा फीता काटकर एवं प्रभु श्रीराम चन्द्र जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। श्री रामलीला कमेटी तथा श्री रामनाटक क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथिगणों को फूलमाला, रामनाम का पटका तथा शाल ओढाकर भेंटकर स्वागत किया। स्वागत संबोधन में श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा कि प्रभु रामचन्द्र जी के आदर्शों को व्यक्त करती रामलीला को सपरिवार बड़ी संख्या में पहुंचें। भक्तों नें अपने बच्चों को उत्तम संस्कार दिये जाने की ललक ने रामलीला का महत्तय कई गुना अधिक कर दिया है। मुख्य अतिथि स्वामी नारायण चैतन्य ने कहा कि राम नाम की महिमा अनंत है। और वह बड़ी ही रहस्यमयी है। राम के नाम की महिमा राम से भी बड़ी है। इनकी महिमा हजारों मुख वाले शेषनाग भी करने में असमर्थ है। राम स्वयं भी अपने नाम की महिमा नहीं गा सकते राम न सकहि नाम गुन गाई। सतयुग में ध्यान करने से, त्रेता युग में यज्ञ करने से, द्वापर युग में पूजा करने से जो फल प्राप्त होता है वही फल कलयुग में केवल राम नाम कीर्तन से मनुष्य प्राप्त कर लेते हैं। जैसे जल प्रज्वलित अग्निको शान्त करने में समर्थ है, जैसे घोर अन्धकार को छिन्न–भिन्न करने में भगवान् सूर्य समर्थ हैं, उसी प्रकार भगवन्नाम कलिकाल के मद, मत्सर, दम्भ आदि समस्त दोषों को शान्त कर देता है। पहले दिन की लीला में दिखाया जाता है कि नारद मुनि भगवान विष्णु की भक्ति में साधना करने बैठ गए। ज्ञानी ध्यानी नारद मुनि को तप करते देख देवराज इंद्र को लगा कि कहीं नारद मुनि अपने तप के बल पर स्वर्ग की प्राप्ति तो नहीं करना चाहते! इस पर उन्होंने कामदेव को स्वर्ग की अप्सराओं के साथ नारद मुनि का तप भंग करने के लिए भेजा। लेकिन नारद मुनि पर कामदेव की माया का कोई प्रभाव नहीं हुआ। तब डरे हुए कामदेव ने नारद जी से क्षमा मांगी और स्वर्ग को लौट गए। कामदेव की माया से मुक्त रहने पर नारद मुनि को इस बात का अहंकार हो गया कि उन्होंने कामदेव पर विजय प्राप्त कर ली है। ऐसे में यह अपनी विजय का बखान करने पहले ब्रहमा जी, फिर शंकर जी और उसके बाद श्रीहरि के पास बैकुंठ पहुंचे और उन्हें पूरी घटना बताने लगे कि कैसे उन्होंने कामदेव को जीत लिया। श्रीहरि विष्णु नारद जी के मन में आ चुके अहंकार को जान गए और उन्होंने अपने परम प्रिय नारद मुनि को अहंकार से मुक्त करने का निश्चय किया। नारद जी उनकी इस लीला को समझ न सके। आखिरकार अंत में वह भगवान विष्णु को श्राप दे देते है। श्रीहरि विष्णु भगवान, नारद जी की बात सुनकर मुस्कुराते रहे। तभी राजकुमारी लक्ष्मी माता के रूप में समा गई। यह दृश्य देख नारद जी को समझ आया कि वह राजकुमारी कोई और नहीं स्वयं माता लक्ष्मी थीं और वह राजकुमार कोई और नहीं स्वयं श्रीहरि विष्णु थे। ज्ञान होने पर नारद मुनि भगवान से क्षमा मांगने लगे। लेकिन शाप को वापस नहीं ले सकते थे। श्रीहरि ने भी उनकी वाणी का मान रखा और श्रीराम के रूप में अवतार लिया। इसमें उन्हें माता सीता से वियोग भी सहना पड़ा और वानर रूपी रुद्रावतार हनुमानजी ने संकट के समय उनका साथ भी दिया। मुख्य अतिथि स्वामी नारायण चैतन्य के सानिध्य में जब राम व हनुमान जी के भजनों का सिलसिला शुरू हुआ, तो पूरा माहौल राममय हो उठा। रामभक्त भक्तिरस में आलिद होकर झूमने लगे। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष सीए अमित शर्मा, समन्वयक नरेश शर्मा, महावीर आजाद, रामनाटक क्लब के अध्यक्ष विशाल भुड्डी, महामंत्री गौरव तनेजा, डायरेक्टर आशीष ग्रोवर आशू, पवन जिन्दल, सचिन मुंजाल, जगदीश टंडन, अमित अरोरा बोबी, हरीश अरोरा, मोहन लाल भुड्डी, रोहित राजपूत, मोहित, प्रेम खुराना, हरीश सुखीजा, अमित चावला, मोहित जिन्दल, आशू नागपाल, संदीप छाबडा, अभिषेक कपूर, विजय फुटेला, जुगनू, सुभाष खण्डेलवाल, सुरेश मदान, केवल बत्रा, शिवम फुटेला, सुमन सेठ, शकुंतला जिंदल, आरोही आहूजा, गीता आहूजा, कृतिका जिंदल, ज्योति सेठ, मधु मदान, प्रशाली दूबे, मालती दूबे, सुशीला शर्मा, शकुंतला शर्मा, किरन सुखीजा आदि उपस्थित थे। लीला में नारद जी का पात्र अभिनय मनोज मुंजाल, देवराज इन्द्र वैभव भुड्डी, कामदेव हर्ष अरोरा, ब्रहमा जी नितिश धीर, शंकर जी रवि चोपड़ा, विष्णु भगवान मनोज अरोरा, विश्वमोहिनी एवं लक्ष्मी जी हर्ष नरूला, कालादेव राम कृष्ण कन्नौजिया, पीला देव कुक्कू शर्मा, मंत्री सचिन आनन्द ने निभाया। संचालन मंच सचिव सुशील गाबा, विजय जग्गा एवं संदीप धीर ने संयुक्त रूप से किया।











